हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 13 नवंबर 2024

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

## DR. ABHIMANYU'S
### AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

**छत्तीसगढ़ का पहला "20 बिस्तरों का आयुर्वेदिक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल"**

भव्य शुभारंभ




**दिनांक: 13 नवम्बर 2024, बुधवार | समय: सुबह 11 बजे**

**मुख्य अतिथि**



मा. श्री विष्णु देव साय जी
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**अध्यक्षता**



मा. श्री अरुण साव जी
उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**विशिष्ट अतिथि**

- मा. श्री श्याम बिहारी जायसवाल जी (स्वास्थ्य मंत्री)
- मा. श्री राजेश मूणत जी (विधायक)
- मा. श्री मोतीलाल साहू जी (विधायक)
- मा. श्री संदीप साहू जी (विधायक)
- मा. श्री भूलन सिंह मरावी जी (विधायक)
- मा. श्री इंद्र कुमार साहू जी (विधायक)
- मा. श्री टहल सिंह साहू जी (प्रदेश अध्यक्ष साहू समाज)



**Dr. Abhimanyu Sahu**
B.A.M.S. Pain Consultant (Bengaluru), Agnikarma Specialist (Bengaluru)
Chiropractor (Bengaluru), Pancha karma Specialist (Kerala)
Dorn Specialist (Germany), 7 Years of Experience | Reg. No. 03858A

**उपलब्ध सेवाएं**

पेन | पंचकर्म | पाईल्स | बाल्य चिकित्सा
स्त्री रोग | स्किन | फिजियोथेरेपी | ओ.टी.
डीलक्स रूम | प्राइवेट रूम | मेडिकल | पैथ लैब

स्वागोत्सुक: किशोरी लाल साहू | अशोक साहू | विनय गाँधी

हॉस्पिटल की लोकेशन हेतु स्कैन करें

95224-66664, 62622-22003
सेक्टर - 7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.)

# सेवा सहकारी समिति कुम्हारी का किया औचक निरीक्षण

## अपर कलेक्टर सहित अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

आगामी 14 नवम्बर से पूरे प्रदेश में धान खरीदी प्रारम्भ होने जा रहा है। इसी संदर्भ में मंगलवार को अपर कलेक्टर अरविंद एक्का ने स्थानीय सेवा सहकारी समिति का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान खरीद केंद्र का बारीकी से निरीक्षण किया।

एडीएम ने धान खरीद की प्रक्रिया, किसानों को मिल रहे समर्थन मूल्य, मंडी में उपलब्ध सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय आदि का जायजा लिया। उन्होंने किसानों को होने वाले समस्याओं के बारे में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि 14 तारीख से राज्य शासन द्वारा धान खरीदी की जा रही है, इसकी तैयारी क्या है? उसके संबंध में कुम्हारी उपार्जन केंद्र के निरीक्षण के लिए हम आए थे। उन्होंने आगे कहा कि यहां के समिति प्रबंधक प्रमोद कुमार रामटेके ने बताया है कि यहां किसानों के धान खरीदी के लिए पर्याप्त मात्रा में बार दाना, मॉइश्चर चेक मशीन और दो इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन है। सुरक्षा के लिए यहां सीसीटीवी कैमरा लगे हुए है साथ ही ऑपरेटर भी मौजूद है। लगभग खरीदी की जो तैयारी करनी होती है वह उन्होंने कर ली है। 14 नवम्बर को धान खरीदी के लिए पांच लोगों को टोकन भी जारी कर दिया गया है। एडीएम ने बताया की यहां कुछ कमियां जरूर हैं जैसे किसानों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था अच्छी नहीं है और सफाई की भी कमी है इसके संदर्भ में उनको आवश्यक निर्देश दे दिया गया है। बता दें कि पिछले साल इस धान मंडी में 35 हजार क्विंटल धान खरीदा गया था इस बार 37 हजार क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य दिया गया है। इस निरीक्षण में तहसीलदार पवन ठाकुर एवं फ़ूड इंसपेक्टर सुधा महिलांगे भी उपस्थित थीं।

## खबर संक्षेप




### अमेरी स्कूल में तुलसी विवाह कार्यक्रम

**सेलूद।** शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय प्रांगण अमेरी में देवउठनी एकादशी के अवसर पर तुलसी विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा बिहाव न्योता, मंडपछादन, चुलमाटी, तेलमायन, बारात स्वागत, समधिभेट, भांवर, टिकावन और विदाई आदि सभी रस्मों का मनमोहक प्रस्तुतीकरण किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानपाठक देवलाल पटेल, अरूण कुमार मरकाम, शिक्षक मुकेश कुमार वर्मा, प्रीति शुक्ला, टिकेश्वरी वर्मा, आदित्यनारायण वर्मा, कार्यक्रम के आयोजक साखीराम साहू, लक्ष्मी चन्द्राकर, जागृति नेताम एवं विद्यालय के सभी बच्चें उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम की जानकारी संकुल समन्वयक खिलेश वर्मा ने दिए।

### सचिव संघ के दो सेवानिवृत्त सचिव को दी विदाई



**सेलूद।** पंचायत सचिव संघ ब्लाक इकाई धमधा, जिला दुर्ग द्वारा 11 नवंबर को सामुदायिक भवन मुरमुंदा में सेवानिवृत्ति पंचायत सचिव राम सहाय साहू एवं लल्लू राम साहू का सचिव संघ द्वारा भव्य बिदाई समारोह आयोजन स्वागत सत्कार व बिदाई दिया गया व दुर्ग जिला सचिव संघ के निर्णय अनुसार परम्परा का निर्वहन करते हुए जिले के समस्त सचिवो द्वारा दोनों सेवानिवृत्त पंचायत सचिवों को एक एक दिन का वेतन दान करते हुए लगभग तीन-तीन लाख रुपये का सहयोग राशि प्रदान किया गया व बिदाई समारोह में चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर छग पंचायत सचिव संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष दुर्ग महेन्द्र कुमार साहू, प्रांतीय महामंत्री यशवंत आडिल, वरिष्ठ सलाहकार तेजनारायण शर्मा, संयोजक गिरधर कुमार वर्मा एवं ब्लॉक इकाई दुर्ग के अध्यक्ष निमेष भोयर, ब्लाक अध्यक्ष धमधा नरेश कुमार साहू ग्राम पंचायत मुरमुंदा के सरपंच परमानंद साहू एवं ग्राम पंचायत रिंगनी के सरपंच प्रतिनिधि पंकज यादव सहित पदधिकारीगण व सचिवगण उपस्थित थे। सचिव संघ के सदस्यों द्वारा सेवानिवृत्ति लल्लू राम साहू एवं राम सहाय साहू जी के सर्विस काल के अनुभवों को साझा किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी गई। समारोह की समाप्ति पश्चात दोनो साथियों को उनके गृह ग्राम तक रैली के माध्यम से पहुचाया गया।जहां उनके परिवार वालो द्वारा आत्मीयता के साथ स्वागत किया।

## निधन

### गणेश राम साहू

**पाटन।** ग्राम कौही के समाजसेवी गणेश राम साहू उम्र 76 वर्ष का



निधन 12 नवंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार खारून नदी के तट पर किया गया। वे तुलाराम साहू एवं त्रिलोचन साहू के पिता थे। अंतिम संस्कार में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड गए हैं।

### बाबूलाल देशमुख

**निकुम।** ग्राम पिसेगांव इंदिरा चौक निवासी बाबूलाल देशमुख उम्र 101



वर्ष का निधन 11 नवम्बर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम पिसेगांव मुक्तिधाम में किया गया। वे रामप्यारी बेलचंदन, पुन्नी देशमुख ,नेमबती देशमुख के पिता थे। उनके अंतिम यात्रा में वासुदेव देशमुख व वरिष्ठजन, ग्रामीण सम्मिलित हुए। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड गए हैं।

### ग्राम पंचायत बटरेल में सम्मान समारोह आयोजित

# स्वास्थ्य संरक्षक आंगनबाड़ी, मितानिनों का सम्मान समाज में गर्व की बातः साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत बटरेल में सोमवार को सम्मान समारोह आयोजित कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और मितानिनों का सम्मान साड़ी एवं श्रीफल भेंट कर किया गया। मुख्यातिथि जनपद सदस्य झरना कमलेश साहू थे। अध्यक्षता सरपंच अभय ठाकुर ने किया। विशेष अतिथि पंच महेंद्र साहू, टेमन सपहा, खेमलाल साहू, गिरधारी निर्मल, पद्मनी कौशिक मंचासिन थे। इस अवसर पर पंचगण व ग्रामीण उपस्थित थे। संचालन पंच महेंद्र साहू ने तथा आभार सचिव नरेश राजपूत ने किया।

मुख्यातिथि जनपद सदस्य झरना साहू ने कहा कि अच्छे कार्यों का सदैव सम्मान होना चाहिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और मितानिनों की सराहनीय सेवा के कारण समाज में महिलाओं और बच्चों को सुरक्षात्मक सुव्यवस्था मिलने लगी है जो कंठ मुक्त सराहनीय है। सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाली इन बहनों का सम्मान गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि सम्मान से प्रोत्साहन मिलती है बहने अधिक ऊर्जा के साथ समाज सेवा में महती भूमिका निभाएंगी। सरपंच अभय ठाकुर ने कहा कि सरकार सबका साथ सबका विकास और सम्मान कर प्रोत्साहन देने पर काम करती है। निश्चित तौर पर आंगनबाड़ी और मितानिन की सेवा समाज की अभिन्न आवश्यकता बन चुकी है। इन लोगों की सेवा सतत मिलने से स्वास्थ्य की अनुकूलता देखने को मिल रही है। ये समाज और सरकार के बीच की कड़ी बनकर उत्कृष्ट सेवाएं दे रही हैं। शासन के निर्देश पर किया जा रहा यह सम्मान इसका प्रमाण है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कौशल्या शर्मा, राजेश्वरी साहू, शैलबाला कौशिक, घिशम कौशिक, सुमित्रा ठाकुर, सहायिका होमिन यादव, छबिता साहू, पूर्णिमा साहू, दीपिका साहू, मितानिन कुलेश्वरी साहू, पद्मनी धीवर, अमरीका साहू, रेणुका साहू को साड़ी श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

## साड़ी और श्रीफल भेंट कर किया गया सम्मानित



# निकुम कॉलेज में जनजाति गौरव दिवस का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम में जनजाति गौरव दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. डीके बेलेंद्र ने महाविद्यालय में जनजाति दिवस मनाए जाने के उद्देश्य को बताया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष सुरेश साहू ने जनजातियों के गौरवशाली इतिहास की महत्ता को बताया। मुख्य वक्ता वनवासी कल्याण आश्रम रायपुर के नागेश काले ने भगवान बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती, तिलका मांझी, वीर नारायण सिंह गुण्डाधुर के जीवनी पर प्रकाश डाला। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में बिरसा मुंडा ने अल्पायु में दिए गए योगदान को याद किया। इसी तारतम्य में प्रकृति के संरक्षक आदिवासीयों को अपनी विरासत को संजो कर रखने की जरूरत है इस पर जोर दिया । इस अवसर पर अतिथियों ने महाविद्यालय में लगे आदिवासीयों के संस्कृति, खानपान की शैली, पोस्टर, रंगोली प्रदर्शनी आदि का अवलोकन किया और छात्रों की प्रशंसा की। कार्यक्रम के संयोजक अंजुरानी ठाकुर एवं सहसंयोजक वेदप्रकाश ठाकुर ने जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती एवं रानी दुर्गावती की 500 वी जयंती की शुभकामनाएं दी। विशेष अतिथि रेखा काले वनवासी कल्याण आश्रम ने जिला स्तर में मनाए जाने वाले कार्यक्रम के विषय में जानकारी दी।

■ आदिवासियों के संस्कृति की खानपान की शैली, पोस्टर रंगोली प्रदर्शनी आदि का किया अवलोकन

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. सीमा जायसवाल, पूजा सोढ़ा, अन्नपूर्णा यादव, डॉ. ओंकार प्रसाद चंद्रा और डॉ. शिप्पी देवांगन अतिथि व्याख्याता ओमप्रकाश , कामता प्रसाद बंजारे, गोपाल पाली के साथ अमित सिंह, येवेंद्र, राजेश्वरी, दीपेश, लिलेश्वरी, मोहित, चांदनी, आरती, आशीष, योगशीष आदि छात्रों के साथ ग्रामवासी भी उपस्थित थे।

# खिलाड़ियों को मिली फ्लड लाइट वालीबाल कोर्ट की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम पंचायत नगपुरा में फ्लड लाइट सुविधा से युक्त नए वालीबाल मैदान का उद्घाटन स्थानीय सरपंच भूपेंद्र रिगरी और दुर्ग जिला खनिज न्यास के पूर्व सदस्य तथा सरपंच संघ दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष रिवेंद्र यादव की उपस्थिति में ग्राम देवता भगवान नागदेव की पूजा अर्चना, फीता काटकर तथा मैदान में खेल की शुरुआत बाल से सर्विस कर किया गया।

ज्ञात हो कि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के बहुत बड़ी आबादी वाले ग्राम नगपुरा में कई विकास के कार्य जिसमे पुलिस चौंकी, कॉलेज, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पुल पुलिया,चौड़ी सड़कें अनेक सामाजिक भवन बनाए गए और इस अंचल में नगपुरा को कस्बाई सुविधा देकर नई पहचान देने का काम हुआ है।



इसी कड़ी में खेल सुविधा का विस्तार हुआ है जिसमें लंबे समय से वालीबाल खेल रहे खिलाड़ियों की मांग छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू से किया गया था जिस पर जिला खनिज न्यास में पूर्व मंत्री साहू के प्रतिनिधि सदस्य रिवेंद्र यादव के प्रस्ताव से स्वीकृति दिया गया। उक्त प्रकाश मय खेल मैदान मिलने से स्थानीय खिलाड़ी और क्षेत्र के खेल प्रेमी बहुत खुश हैं। इस अवसर पर सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष डीएम एफ सदस्य रिवेंद्र यादव ने कहा कि सर्वसुविधा युक्त फ्लड लाइट मैदान से ग्रामीण खेल प्रतिभा को निखारने और खेल कौशल को प्रांत तथा राष्ट्र स्तर पर पहुंचाने की दिशा में कारगर कदम होगा। उदघाटन के अवसर पर वरिष्ठ नागरिक रवींद्र सिंह, शाला प्रबंधन के पूर्व अध्यक्ष रोहित देवांगन, पंच सुनील देवांगन, खिलेश्वर साहू, विजय मंडरिया, संदीप देशमुख, जीवन देशलहरा, ललित देवांगन आदि उपस्थित थे।

### कृष्ण बने सक्रिय सदस्य

**सेलूद।** कृष्ण कुमार वर्मा द्वारा अपने रेफरल कोड से भारतीय जनता पार्टी के 50 प्राथमिक सदस्य बनाने के बाद चरोदा मंडल में सक्रिय सदस्यता प्राप्त किया। सक्रिय सदस्यता प्रभारी दिलीप पटेल, खिलावन वर्मा के उपस्थिति में अपना आवेदन सक्रिय सदस्यता के लिए प्रस्तुत किया था।




## बिजनेस साइट

### राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर सेल्फ प्रपोल्ड मिनी कंबाइन मशीन की खरीदारी



**भिलाई।** किसी भी देश के विकास में शिक्षा का महत्व अत्यधिक होता है क्योंकि शिक्षा ही वह माध्यम है जिस पर चलकर एक सभ्य समाज का विकास होता है। शिक्षा न सिर्फ मानव का मानसिक विकास करती है बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ता भी प्रदान करती है। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर हमारे देश में सर्वप्रथम 11 नवंबर 2008 को मनाया गया हमारे देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के जयंती के उपलक्ष्य में शिक्षा दिवस मनाया जाता है। अब्दुल कलाम एक प्रसिद्ध भारतीय मुस्लिम विद्वान थे। आप एक कवि लेखक पत्रकार होने के साथ-साथ एक सच्चे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी रहे हैं। भारतीय शिक्षा प्रणाली में अतुलनीय योगदान रहा है यही वजह है कि प्रत्येक वर्ष शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालने के लिए 11 नवंबर को शिक्षा दिवस मनाया जाता है। भारत को आजादी दिलवाने में मुस्लिम काम का सराहनीय योगदान रहा है शिक्षा चिकित्सा विज्ञान स्वतंत्रता क्रीडा ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां मुसलमान का योगदान यादगार ना रहा हो फिर भी सामाजिक एवं राजनीतिक ठेकेदारों द्वारा जातिवाद के षड्यंत्र में देश के नागरिकों को पिरोकर आने वाली युवा पीढ़ियों के भविष्य पर एक प्रश्न चिन्ह लगाकर वर्तमान के सर्वधर्म सम्मिलित सांप्रदायिक भारत के नागरिकों को असमंजस्य में डाल रखे हैं, क्या ऐसी मानसिकता हमारे पूर्वजों की आत्मा को शांति पहुंचाएगी ? ऐसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक दिवस पर शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालने हेतु सुशिक्षित घोटिया बालोद के कृषक हेमंत कुमार ने खेती कार्य में उत्कृष्ट सेल्फ प्रपोल्ड मिनी कंबाइन मशीन पनेसर जी 60 फोर व्हील ड्राइव जो कि कम ईंधन खपत में 180 डिग्री के घुमाव द्वारा छत्तीसगढ़ की छोटी-छोटी डोलियों में फसलों को काटकर दानों को साफ कर कृषकों को समृद्ध बनाने वाली मशीनरी की खरीदारी कर स्वयं ही नहीं अपितु पूरे शिक्षा जगत को गौरवान्वित किया है। यंत्र की चाबी प्रदान करते हुए सुरेश किराना के संचालक निखिल खंडेलवाल एवं उनके कर्मचारी महेश मानिकपुरी कमला मोटर्स के सेल्स प्रमोटर सत्य श्री लक्ष्मीनारायण चंद्राकर, अभियंता किशोर निषाद, बरमेचा एलिवेटर से उप अभियंता अमर यादव, आगंतुक शंखनादिनी नंदिता सामंत। वहीं मशीन ग्रहण करते हुए हेमंत साहू, प्रवीण साहू, परविंदर इत्यादि शामिल रहे। ज्ञात हो कि जगजीत सिंह के मार्गदर्शन में अमनदीप सिंह द्वारा निर्मित सेल्फ प्रपोल्ड मिनी कंबाइन बहुफसली मशीन कम कीमत एवं कम ईंधन खपत पर कृषकों को समृद्ध बनाने में 'मिल का पत्थर' साबित हो चुकी है।

### श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग हुडको में कैंपस ड्राइव का आयोजन



**भिलाई।** श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग हुडको भिलाई में कैंपस ड्राइव के लिए लिखित परीक्षा और इंटरव्यू का आयोजन किया गया। यह परीक्षा एशियन हार्ट इंस्टिट्यूट मुंबई में नर्सिंग ऑफिसर के रिक्त पदों के लिए आयोजित की गई थी जिसमें बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग एवं पोस्ट बीएससी नर्सिंग की परीक्षा दिला चुके विद्यार्थियों ने भाग लिया और इसमें से विद्यार्थियों का चयन हुआ। एशियन हार्ट इंस्टिट्यूट मुंबई के स्टाफ डॉ. आसिफा डिप्टी मेडिकल डायरेक्टर, अविश, मिस प्रिया के द्वारा विद्यार्थियों का इंटरव्यू लिया गया। श्री गंगाजली एजुकेशन सोसाइटी के चेयरमेन आईपी मिश्रा, ट्रेसरार डॉ. दीपक शर्मा, सीओ डॉ. मोनिशा शर्मा, प्राचार्या डॉ. वीणा राजपूत एवं उपप्राचार्या डॉ. रवीना थे। उसने सभी चयनित विद्यार्थियों की सफलता के लिए उनको बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# 14 से धान खरीदी, 1331 ने कराया पंजीयन, केंद्रों में कैमरे से होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अलग खबर

जिले के 102 धान खरीदी केंद्रों में 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू हो रही है। इसकी निगरानी के लिए सभी केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। राज्य शासन द्वारा गाइडलाइन जारी कर सभी उपार्जन केन्द्रो में सीसीटीवी लगाने के निर्देश दिए गए थे।

इस दौरान मिलरों के ट्रक में भी कैमरा लगाना अनिवार्य किया गया है। इससे धान की खरीदी से लेकर उठाव की लाइव मानिटरिंग की जाएगी। इस बार धान खरीदी की मानिटरिंग केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा गंभीरता से की जा रही हैं। केन्द्रों और ट्रकों में कैमरे लगे होंगे। ट्रक मालिकों को लोड और अनलोड की जानकारी भारत सरकार के पोर्टल में एंट्री करनी होगी। केंद्रों में तैयारी के लिए 2.93 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं।

इसी राशि से सोसाइटी प्रबंधकों को सीसीटीवी कैमरे, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, सूतली, तिरपाल, बिजली आदि की व्यवस्था करनी होगी। इस बार सभी केन्द्रों में इलेक्ट्रॉनिक मशीन से धान खरीदी की जाएगी। मंगलवार को कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने थनौद और चंदखुरी केन्द्र का निरीक्षण कर तैयारियों की जानकारी ली। पहले दिन जिले के 88 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की शुरुआत होगी। उक्त केन्द्रों में टोकन प्राप्त 1331 किसानों से 60 हजार क्विंटल से अधिक की धान खरीदी की जाएगी।

### भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया चल रही

गिरदावरी रिपोर्ट के बाद जिला प्रशासन के अधिकारी भौतिक सत्यापन में जुटे हुए हैं। सत्यापन की रिपोर्ट आने के बाद रकबा में परिवर्तन की संभावना है। अफसरों ने बताया कि जिले में 87 सहकारी समितियों के 102 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से पंजीकृत 1,14,651 किसानों से अनुमानित 6,48,484 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जाएगा। विगत वर्ष 1,05,778 किसानों से 5,87,369 मीट्रिक टन धान उपार्जन किया गया था। धान पतला के लिए 2320, धान मोटा 2300 एवं धान सरना 2300 रुपए प्रति क्विंटल दर निर्धारित है।

## जिले में 50 फीसदी से ज्यादा धान कटाई का काम पूरा

### बारदाना को लेकर संकट ,अब तक नहीं पहुंचा

सोसाइटी में कम्प्यूटर ऑपरेटर को छोड़ सोसाइटी प्रबंधक सहित सभी कर्मी हड़ताल पर हैं। हालांकि मंगलवार को उनके लौटने की जानकारी मिली है। हड़ताल के चलते उपार्जन केन्द्रों में तैयारियां नहीं हो पाई हैं। जिले के 102 केन्द्र में सिर्फ 51 केन्द्रों में ही इलेक्ट्रानिक मशीन की उपलब्धता सामने आई हैं। मार्कफेड द्वारा ट्रकों में भरकर भेजे गए बारदाने को अनलोड करने केन्द्रों में कर्मी नहीं हैं। जिले में 64 लाख क्विंटल धान खरीदना है, इसके अनुसार डेढ़ करोड़ नग की जरुरत है। जबकि सोसाइटी में नए और पुराने सिर्फ 18 लाख बारदाने भेजे गए हैं।



**जिले में धान खरीदी की तैयारी पूरी**

जिले के 102 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की जानी है। इसे लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। किसानों को किसी भी तरह की समस्या होने नहीं दी जाएगी।

**-ऋचा प्रकाश चौधरी,** कलेक्टर दुर्ग

### एकमुश्त भुगतान को लेकर संशय

पिछले साल किसानों को प्रति क्विंटल 3100 रुपए का भुगतान किया गया था, लेकिन इस बार गाइडलाइन में सिर्फ केन्द्र द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य का ही उल्लेख है। इसमें बताया गया है कि धान पतला के लिए 2320, धान मोटा 2300 एवं धान सरना 2300 रुपये प्रति क्विंटल दर निर्धारित है। लेकिन घोषणा के अनुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल और प्रति क्विंटल की राशि 3100 रुपए एकमुश्त भुगतान करना था, लेकिन इस मामले को लेकर अब तक कोई स्पष्ट आदेश जारी नहीं हुआ है। इस वजह से किसान संशय में हैं।

## खबर संक्षेप

### 2 लाख के गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** अंजोरा पुलिस ने बीती रात महमरा के पास 18 किलो गांजे के साथ एक वाहन जब्त किया। वाहन कांकेर से करीब 2 लाख रुपए का गांजा लेकर जालबांधा के रास्ते महाराष्ट्र जाने के नाम पर निकला था। मामले में पुलिस ने अकोला के रहने वाले अब्दुल रशीद पिता आशिक अली (61 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से खबर मिली कि एक गाड़ी एमएच 43 सीई 5609 जालबांधा की तरफ जा रही है। वाहन में संदिग्ध सामान होने की आशंका है। इसके बाद पुलिस ने घटना स्थल पर वाहन के रुकवाया। वाहन की जांच की गई। जांच के बाद वाहन से 17-820 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। गांजे के साथ वाहन को भी जब्त किया गया। बहरहाल मामले में पुलिस की जांच की जा रही है।

### कवि सम्मेलन 16 को

**भिलाई।** छंद के छ परिवार का दीवाली मिलन समारोह अनवरत 2017 से लगातार हो रहा है। इस कार्यक्रम में छग राज्य से सभी जिले के साहित्यकार अपनी उपस्थिति देकर छत्तीसगढ़ी महतारी भाखा को सजोर बनाने और मान बढ़ाने की दिशा में काम करते हैं। छत्तीसगढ़ अंचल के साहित्यकार, छंदकार इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कवि सम्मेलन का आयोजन करते हैं।

### जानकारी के बाद निगम के अधिकारियों ने किया स्थल निरीक्षण, काम बंद कराया

# पुलगांव नाला में अवैध निर्माण, निगम के जिम्मेदारों को खबर नहीं, डुबान का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

हरिभूमि सरोकार

लंबे समय से पुलगांव नाले को पाटने का खेल चल रहा है। बता दें कि शहर की आधी आबादी का निस्तारी का पानी इस नाले के माध्यम से नदी तक पहुंचता है। वर्तमान में पुलगांव नाले पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा बाउंड्रीवाल का निर्माण शुरू कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक बाउंड्रीवाल का निर्माण पिछले करीब महीनेभर से चल रहा है।

इसकी खबर दुर्ग निगम के अफसरों को नहीं हुई। मंगलवार को भी नाले से सटी जगह पर निर्माण का कार्य जारी था। पार्षद शिवेंद्र परिहार की शिकायत के बाद निगम अमला मौके पर पहुंचा। जानकारी लेने के बाद काम को रुकवाया गया। वहीं कुछ कर्मचारी निगम के कर्मचारियों को देखकर भाग खड़े हुए। इसके बाद उप अभियंता गिरीश दीवान ने मामले की जानकारी ली। संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी किया है। नाले के किनारे किसी रमेश कुमट की जमीन होना बताया गया है। बहरहाल मामले के खुलासे के बाद निगम के अधिकारियों ने मामले में जांच के निर्देश दिए हैं। बता दें कि नाले में बाउंड्रीवाल के निर्माण से इस क्षेत्र में डुबान का खतरा बढ़ेगा। बारिश के दिनों पानी की निकासी को लेकर खासी दिक्कतों का सामना पड़ेगा।



### निगम अधिकारियों ने किया स्थल निरीक्षण, नोटिस भी जारी

इस पूरे मामले में निगम के अधिकारी गिरीश दीवान के निर्देश पर अधिकारी मोहित मरकाम और करण यादव ने स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सड़क से 50 मीटर की दूरी पर निर्माण किया जा रहा था। बिना सीमांकन और निगम को जानकारी दिए इस प्रकार का निर्माण अवैध है। संबंधित को नोटिस जारी कर दिया गया है। नोटिस का जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बाउंड्रीवाल का निर्माण नाले से एकदम सटाकर किया जा रहा है, इससे परेशानी बढ़ना संभव है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर जांच की जा रही है।

### 16 मीटर का नाला मौके पर 12 मीटर भी नहीं

बता दें कि हनोदा से शुरू होकर मीनाक्षी नगर, न्यू आदर्श नगर, पोटिया के रास्ते निस्तारी का पानी इस नाले के रास्ते शिवनाथ नदी तक पहुंचता है। नाले की औसत चौड़ाई 16 मीटर है, लेकिन मौके पर यह 12 मीटर भी नहीं है। जगह-जगह नाले के आसपास कब्जा है। लोगों द्वारा अपनी बाड़ी में नाले के पानी का उपयोग कर रहे हैं। इतना ही नहीं पुलगांव नाले के आसपास कई जगहों पर कब्जा है। नियमतः नाले से 20 फीट छोड़कर ही निर्माण का प्रावधान है, लेकिन इस मामले में इसकी भी अनदेखी की गई।

### कांग्रेस के संरक्षण में चल रहा खेल

कांग्रेस नेताओं के संरक्षण में यह पूरा खेल चल रहा है। इस मामले में जांच होनी चाहिए, दोषियों पर कार्रवाई भी होनी चाहिए। नाले में इस तरह का पक्का निर्माण होने के बाद बारिश के दिनों में हालात बिगड़ेंगे, निगम के अधिकारियों को जानकारी लेनी चाहिए।

**-शिवेंद्र परिहार,** पार्षद नगर निगम दुर्ग

### निर्माण गलत, कराई जा रही जांच

निर्माण पूरी तरह से गलत है। संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी किया गया है। काम रुकवा दिया गया है। नाले के बाजू से यदि निर्माणकर्ता की जमीन भी है, तो वह भी वह बिना अनुमति निर्माण नहीं करा सकता। उप अभियंता को जांच के लिए भेजा गया था। नोटिस का जवाब मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**-मोहन पुरी गोस्वामी,** ईई नगर निगम दुर्ग

## एसएलआरएम सेंटर में कचरे के पहाड़, आदेशों की भी अनदेखी





**दुर्ग।** पुलगांव नाले के करीब ही एक जीरो वेस्ट सेंटर का संचालन नगर निगम दुर्ग द्वारा किया जा रहा है, जहां कचरे की प्रोसेसिंग तो नहीं हो रही, लेकिन शहर का कचरा जरूर यहां लाकर डंप किया जा रहा है। वह भी नियम विरुद्ध, इसे लेकर कहीं कोई मॉनिटरिंग निगम के अधिकारियों द्वारा नहीं की जा रही है। एसएलआरएम सेंटर में कचरे का पहाड़ तैयार हो गया है। मुकेश अड़तिया ने बताया कि इस मामले को लेकर उन्होंने विधायक गजेंद्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल से भी शिकायत की। विधायक ने इसे लेकर निगम के अधिकारियों को कचरा हटाने के लिए निर्देशित भी किया, लेकिन आज भी कचरा डंप है। उठती बदबू से पूरा क्षेत्र परेशान है। यही हालत रही, तो बारिश के दिनों में नदी के उफान में आने पर यह कचरा लोगों के घरों में तैरेगा। पिछले करीब 6 महीने से यहां कचरा डंप किया जा रहा है। व्यापारियों ने विरोध भी किया था। सीएसपी चिराग जैन ने भी कचरा हटवाने के लिए निगम अधिकारियों से बात करने का आश्वासन दिया, लेकिन कचरा अब तक नहीं हटा है। इधर एसएलआरएम सेंटर में न गीला-सूखा कचरा अलग किया जा रहा है, न ही खाद तैयार की जा रही है। केवल कचरा डंप हो रहा है।

## खुर्सीपार में चोरी, 8 लाख के सामान के साथ 3 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खुर्सीपार निवासी प्राची हेमराज के घर दशहरा के दिन 12 अक्टूबर को हुई चोरी की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों एस. बीनस (20 वर्ष), किशन कुमार (20 वर्ष), भौरव विलियम (19 वर्ष) को गिरफ्तार किया है।

- सीसीटीवी कैमरे से मिले फुटेज के जरिए पुलिस आरोपियों तक पहुंची, भेजा जेल

तीनों आरोपी स्वीपर बस्ती, छावनी के रहने वाले बताए गए हैं। सीएसपी हरीश पाटिल ने खुलासा करते हुए बताया कि प्राची हेमराज ने घटना की सूचना 14 अक्टूबर को दी। उन्होंने बताया कि 12 अक्टूबर को रात करीब साढ़े 8 बजे से साढ़े 10 बजे के मध्य वे अपने परिवार के साथ दशहरा कार्यक्रम देखने गए थे। लौटने पर देखा कि घर का दरवाजा टूटा हुआ था। अंदर रखे सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले में जांच शुरू की। आरोपियों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल रही थी। इस दौरान प्रभारी एसीसी यूनिट तपेश नेताम एवं खुर्सीपार थाना प्रभारी अंबर सिंह भारद्वाज के नेतृत्व में गठन किया गया। सीसीटीवी कैमरों के जरिए पुलिस को आरोपियों का हुलिया पता चल गया। इसके बाद मुखबिर लगाए गए। पता चला कि खुर्सीपार देना बैंक के पीछे स्वीपर बस्ती का रहने वाला लड़का सोने-चांदी के जेवरात रखा है। इसके बाद घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा गया।

### तीनों आरोपियों की निशानदेही पर सामान जब्त

तीनों आरोपियों की निशानदेही पर 2 नग सोने की अंगूठी, 1 नग सोने का नेकलेस, 1 जोड़ी सोने का झुमका बड़ा, 1 जोड़ी सोने का छोटा झुमका, 13 नग सोने की चेन, लॉकेट लगी चेन, सोने का रानी हार, 2 नग सोने का टॉप्स, 1 नग सोने का ब्रेसलेट बरामद किया गया। सामान की कीमत 8.10 लाख रुपए बताई गई है। आरोपियों तक पहुंचने में सगीर खान, रिंकी सोनी, मावेश पटेल, सहित अन्य की भूमिक अहम रही।

# बदमाश अमित के एनकाउंटर के बाद बीएसपी ने जीजा का कब्जा हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बदमाश अमित जोश के एनकाउंटर के बाद बीएसपी ने उसके जीजा पर एक्शन लेते हुए कब्जा को खाली कराया है। अमित के जीता द्वारा लंबे समय से बीएसपी के मकान को कब्जा कर रखा था। अभियान चलाकर खाली कराया गया। मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर 5 सड़क 13 स्थित आवास पर कार्रवाई की गई। टीम ने अमित जोश के ठिकानों को ध्वस्त किया था। उसके जीजा के मकान पर बीएसपी ने

### मृतक के जीजा के खिलाफ कार्रवाई

कार्रवाई किया था लेकिन उसने दोबारा मकान पर कब्जा करने की सूचना मिली और खाली कराया गया। मकान का बिजली कनेक्शन तक काट दिया गया है। मकान के दरवाजे पर टीम ने नोटिस चस्पा कराया गया। जब बीएसपी की टीम खाली कराने पहुंची तो दरवाजे पर ताला लटका हुआ था। टीम ने कार्यपालक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में नोटिस चस्पा किया है। चेतावनी भी दी गई है कि तय समय में मकान को खाली करे अन्यथा बल पूर्वक मकान को खाली कराया जाएगा। टीम में 150 से अधिक पुलिस बल मौके पर पहुची थी। अभियान बीएसपी के नगर सेवा विभाग द्वारा किया जा रहा है।बीएसपी लंबे समय से मकानों में कब्जा कर वसूली करने वालों पर मेहरबानी बनाकरे रखी हुई है।तभी आज भी कई अपराध किस्म के लोग बीएसपी के मकानों में कब्जा कर अपना कारोबार फैला रखा है। इस तरह के अपराधियों पर टीम अब तक कार्रवाई नहीं कर पाई है। पुलिस की कार्रवाई के बाद ही बीएसपी जागरुक दिखाई दे रहा है।

### बीएसपी के मकानों में अपराधियों का कब्जा

बीएसपी के मकानों में एनकाउंटर पर मारे गए अमित जोश अकेला ही कब्जा कर रखा नहीं था। बल्कि बड़े बड़े अपराधियों द्वारा मकानों को कब्जा कर किराए में चला रहे है लेकिन बीएसपी देख कर भी ऑख मूंद लेती है। पुलिस कार्रवाई के बाद ही तोड़फोड़ विभाग जागरुकता दिखाती है। अब तक दर्जनों अपराधियों के द्वारा मकानों में कब्जा कर रखा है।















हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 13 नवंबर 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129

## लाइव इवेंट

### इंटर कॉलेज क्रिकेटः मनसा ने धनोरा को हराया, बेरला से राजहरा की टीम जीती



**भिलाई।** उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित दुर्ग सेक्टर अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता की शुरुआत मंगलवार को हुई। प्रतियोगिता के पहले दिन कल्याण कॉलेज सेक्टर-7 में दो मैच खेले गए। पहला मैच मनसा महाविद्यालय और धनोरा महाविद्यालय के बीच खेला गया। मनसा कॉलेज ने यह मैच 9 विकेट से जीता। धनोरा की टीम 63 रन पर आउट हो गई। इसमें विशाल सोनी ने 26 रन बनाए। गेंदबाजों में मानसा कॉलेज के खिलाड़ियों में आयुष ने 4 विकेट, दुर्गेश ने 3 विकेट, भूषण ने दो विकेट और साहिल शेख ने एक विकेट लिए। जवाब में बैटिंग करने उतरी मनसा की टीम ने एक विकेट पर 64 रन बना लिए। पी ध्रुव ने नॉट आउट 28 रन बनाए। टी साहू 20 रन, विनय नेगी ने नॉट आउट 13 रन बनाए। दूसरा मैच राजहरा महाविद्यालय और बेरला महाविद्यालय के मध्य खेला गया। राजहरा महाविद्यालय ने यह मैच 34 रन से जीता। राजहरा ने सात विकेट पर 127 रन बनाए। इसमें उदय कोरिल ने 65 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में बेरला की तरफ से तोरण पाटिल ने दो विकेट लिए। जवाब में बेरला की टीम ने 93 रन बनाए। पूरी टीम आल आउट हो गई। इस प्रकार राजहरा की टीम ने यह मैच आसानी से जीत लिया। मैच के अंपायर हरप्रीत सिंह, टुमन लाल देवांगन एवं अशोक रिंगरी थे। स्कोरर विनोद देवघरे थे। मैच के दौरान प्रोफेसर प्रमोद शंकर शर्मा, कुलदीप, लक्ष्मेंद्र, बृजेश पांडे, टी सुधीन्द्र, अवतार सिंह, मनोज फंड, मनोज सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

- कल्याण कॉलेज सेक्टर-7 मैदान में खेले जा रहे मैच, हर दिन दो मैच

## सिटी इवेंट

### उरला में 21 से 24 नवंबर तक राम कथा सांसद ने किया पोस्टर का विमोचन



**भिलाई।** पाटन के ग्राम उरला में 21 से 24 नवंबर के मध्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस संगीत मय राम कथा के पोस्टर का विमोचन सांसद विजय बघेल ने किया। आयोजन में वाल्मिकी ज्ञान रत्न अवार्डी व प्राइड ऑफ नेशन अवार्ड से सम्मानित हरीश साहू के मुखारविंद से कथा का वाचन होगा। सांसद विजय बघेल ने हरीश साहू को बधाई देते हुए कहा कि ये हमारे उरला गांव के लिए बहुत ही गौरव की बात है जो कि श्रीराम कथा का आयोजन होने जा रहा है। राम की जीवन गाथा वह भी संगीतमय इसका लाभ हर गांववासी को मिलेगा। इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरुस्कृत संजय मैथिल, राज्यपाल से पुरस्कृत रामकुमार साहू, भानुप्रताप पटेल, केदार साहू सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

- वाल्मिकी ज्ञान रत्न अवार्डी हरीश साहू के मुखारविंद से होगा कथा का वाचन

### सीएसवीटीयू बॉस्केटबॉल अंतर जोन टूर्नामेंट के पुरुष एवं महिला वर्ग में रूंगटा आर-1 विजेता



भिलाई। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वव्यिालय इंटर जोन बास्केट बॉल टूर्नामेंट रूंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी आर-1 में संपन्न हुआ। पुरुष और महिला वर्ग दोनों ही कैटेगरी में रुंगटा आर-1 की टीम ने फाइनल मुकाबला जीता। जोन-1 के खेल प्रभारी डॉ. अमित श्रीवास्तव ने बताया कि महिला वर्ग में पहले सेमीफाइनल में आरसीईटी भिलाई ने जीईसी रायपुर को हराकर फाइनल में स्थान बनाया। वहीं एसएसटीसी और एसएसआईपीएमटी रायपुर के बीच हुए सेमीफाइनल में एसएसआईपीएमटी रायपुर ने बाजी मारी। फाइनल मुकाबले में आरसीईटी भिलाई ने एसएसआईपीएमटी रायपुर पर 6-4 से जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में आरसीईटी भिलाई ने एसएसआईपीएमटी रायपुर पर 32-21 प्वाइंट स्कोर करते हुए जीत हासिल की। शानदार जीत दर्ज की। पारितोषिक वितरण समारोह में रूंगटा समूह के ग्रुप डायरेक्टर (ईसीएस) महेंद्र श्रीवास्तव एवं ग्रुप डायरेक्टर (सीडीसी) डॉ. एडविन एंथोनी ने विजेता और उपविजेता टीम को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी दी। रेफरी के रूप में बास्केटबॉल फेडरेशन आफ छत्तीसगढ़ के सर्टिफाइड रेफरी विशंभर पांडे, शशिकांत पांडे की भूमिका रही। डीनई सीएस डॉ सत्यधर्म भारती, डॉ रेजो राय एवं कोच गजेंद्र साहू ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। टूर्नामेंट संचालन में रनविजय, आरएसडीसी टीम की भूमिका रही।

छोटी दिवाली : घर-आंगन रंगोली, चूने और चावल के आटे से सजाए, जगत के पालनहार के जागते ही गूंजी शहनाई

# तुलसी संग शालिग्राम का विवाह, निद्रा से जागे श्री हरि शादियों का सीजन शुरू, जून तक 73 से ज्यादा मुहूर्त

सृष्टि के पालनहार करीब 4 महीने की निद्रा के बाद मंगलवार को जाग गए हैं। देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु के आशीर्वाद और माता तुलसी और शालिग्राम के विवाह के साथ मांगलिक कार्यों का दौर भी शुरू हो गया है। देव जागने पर दुर्ग-भिलाई के सभी घरों में छोटी दिवाली मनाई गई। प्राय: घरों में विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में घर-आंगन को गोबर से लीपा गया। रंगोली, चूने और चावल के आटे से सजाया गया। दीप जलाकर आतिशबाजी की गई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवउठनी एकादशी पर सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु के शालिग्राम स्वरूप के साथ तुलसी का विवाह कराने पर सभी तरह के कष्टों से मुक्ति मिलती है और भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इसके साथ ही अगले 8 महीने यानी जून माह तक शादियों का दौर शुरू हो गया है। इस बार 79 से ज्यादा शादियों के मुहूर्त बताए गए हैं।



**भिलाई।** देवउठनी एकादशी यानी भगवान विष्णु 3 महीने 26 दिन की योग निद्रा के बाद मंगलवार को जाग गए हैं। देव उठने के साथ ही शादी के मुहूर्त शुरू हो गए हैं। इसके साथ ही मांगलिक कार्यों की भी शुरुआत हो गई है। सबसे ज्यादा 15 मुहूर्त मई में हैं। ज्योतिषाचार्यों और भगवताचार्यों ने बताया कि भगवान विष्णु हर साल आषाढ़ महीने की एकादशी पर सोते हैं और कार्तिक महीने की एकादशी पर जागते हैं। जागने वाली एकादशी को देव प्रबोधिनी कहते हैं। पंडितों का कहना है कि भगवान सोते नहीं, बल्कि योग निद्रा में चले जाते हैं। ये एक तरह का मेडिटेशन होता है। इसे ही आमतौर पर भगवान का सोना कहा जाता है। मान्यता है कि जब भगवान विष्णु शयन करते हैं तब शादियां और गृह प्रवेश जैसे मांगलिक काम नहीं करते। इस दौरान सिर्फ पूजा-पाठ होते हैं। भगवान के जागने के बाद ही मांगलिक कामों के लिए मुहूर्त शुरू होते हैं।

पंडितों की मानें तो अगले 8 महीने में नवंबर में 12, 13, 16, 17, 18, 22, 23, 25, 26, 28, 29, दिसंबर में 4, 5, 9, 10, 14, जनवरी में 16, 17, 18, 19, 20, 21, 23, 24, 26, 27, फरवरी में 2, 3, 6, 7, 12, 13, 14, 15, 16, 18, 19, 21, 23, 25, मार्च में 1, 2, 6, 7, अप्रैल में 14, 16, 18, 19, 20, 21, 25, 29, 30, मई में 1, 5, 6, 8, 10, 14, 15, 16, 17, 18, 22, 23, 24, 27, 28, जून में 2, 4, 5, 7 और 8 तारीख को शुभ मुहूर्त हैं। इन तारीखों को विवाह काफी शुभ माना गयाा है।

### देव के निद्रा में रहते हुए भगवान शिव ने संभाली सृष्टि

ऐसी मान्यता है कि चार माह विश्राम के बाद कार्तिक शुक्ल एकादशी पर भगवान विष्णु जाग गए हैं। आषाढ़ मास की देवशयनी एकादशी से कार्तिक मास की देवउठनी एकादशी तक चार महीने भगवान विष्णु विश्राम करते हैं। इस दौरान सृष्टि का संचालन भगवान शिव करते हैं। देवउठनी एकादशी पर तुलसी और शालिग्राम का विवाह कराने की भी परंपरा है। देवशयनी एकादशी से विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, जनेऊ जैसे संस्कारों के लिए शुभ मुहूर्त मिलना शुरू हो जाते हैं। जब विष्णु विश्राम करते हैं, तब इन संस्कारों के लिए शुभ मुहूर्त नहीं रहते हैं, अब विष्णु के निद्रा से जागने बाद सभी शुभ काम फिर से शुरू हो जाएंगे।





### श्री हरि को शंखनाद कर जगाया

हिंदू पंचांग के अनुसार हर वर्ष कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी, जिसे देवउठनी, देवोत्थान और देवप्रबोधिनी के नाम से जाना जाता है। इस अवसर पर घरों के आंगन में तुलसी विवाह रचाया गया। इस दिन सुबह से ही बाजारों में रौनक दिखाई दी। लोग पूजा के सामान, गन्ना आदि खरीदते दिखे और शाम को आंगन लीपकर घरों में तुलसी चौरा को गन्ने से मंडप बनाकर सजाया। फिर श्री हरि विष्णु को घंटी बजाकर शंखनाद और मंगलगीत गाकर जगाया गया। माता को श्रृंगार का सामान अर्पित कर चुनरी ओढ़ाई फिर शालिग्राम के साथ फेरे कर विवाह संपन्न कराया गया। हिंदू धर्म के अनुसार सृष्टि के पालनहार श्रीहरि भगवान विष्णु देवउठनी एकादशी पर चार महीने की अपनी योगनिद्रा से जागते हैं। भगवान विष्णु के जागने पर इस दिन तुलसी विवाह किया जाता है। भगवान विष्णु के शालिग्राम स्वरूप संग तुलसी विवाह विधि-विधान के साथ किया गया।

# घर आंगन सजाओ प्रतियोगिता में समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

**भिलाई।** अखिल भारतीय उड़िया समाजा द्वारा आयोजित घर आंगन सजाओ प्रतियोगिता 2024 प्रतियोगिता का आयोजन किया था। जिसमें 468 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। भिलाई- दुर्ग जिले से समाज के लोगों ने हिस्सा लिया था। इस दौरान समाज के लोगों को दिए गए नंबरों में अपने घर का सजा हुआ फोटो को भेजना था। चयन समिति ने मशक्कत के बाद प्रतिभागियों का चयन किया। जिसमें प्रथम पुरस्कार सेक्टर स्ट्रीट 38 क्वार्टर नंबर 6/बी, सेक्टर भिलाई नगर मुस्कान तांडी, द्वितीय वार्ड 22 कात्यानी मंदिर कैलाश नगर दुर्ग पूनम सोनी, तृतीय गांधी नगर भिलाई तीन सुमन सुरभि साहू को चुना गया। इसके अलावा सांत्वना पुरस्कार फौजी नगर हाउसिंग बोर्ड भिलाई सुश्री तनु तांडी, मरोदा सुश्री काजल निहाल, खुर्सीपार निहारिका विभार, पुलिस लाइन दुर्ग उमा बाघ और स्टोरपारा पुरैना सुश्री शिवानी सोना को दिया है। समाज के प्रदेश अध्यक्ष जेएम तांडी और उनकी टीम प्रतिभागियों के निवास पहुंचकर पुरस्कार परिजनों को सौंपा। वितरण के दौरान महासचिव तरुण निहाल,कोषाध्यक्ष दिनबंधु तांडी, मीडिया प्रभारी डीके साहू, शिक्षाविद राजेन्द्र नाग,शंकर निहाल, दयाराम बाघ, दयानिधि विभार, अर्जुन विभार

- आठ लोगों को समाज द्वारा पुरस्कृत किया





### बड़े रुप में होगा आयोजन

समाज के महासचिव तरुण निहाल ने बताया कि घर आंगन सजाओं प्रतियोगिता समाज के लोगों को एकसूत्र में बांधने के लिए आयोजित किया गया था। आने वाले समय में यह प्रतियोगिता बड़े रुप में भिलाई-दुर्ग के अखिल भारतीय उड़िया समाज के लोगों के लिए आयोजन किया जाएगा। पहली बार हुए इस आयोजन से समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। घर पहुंचते ही समाज के लोगों ने समाजिक तौर तरीके से स्वागत भी किया है।

# ऑल इंडिया टेनिस में वान्या पुंढीर उपविजेता, सम्मानित



**भिलाई।** ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में छग प्रदेश टेनिस संघ द्वारा ऑल इंडिया टेनिस टूर्नामेंट सीएस-3 अंडर-14 गर्ल्स और बॉयज का आयोजन रायपुर में किया गया। प्रतियोगिता के तहत सारे मैच यूनियन क्लब रायपुर एवं छग क्लब रायपुर में खेले गए। फाइनल मुकाबला भिलाई की वान्या पुंढीर और एयाना कपूर के मध्य हुआ। इस मैच में वान्या पुंढीर उपविजेता रही। उन्होंने एयाना को कड़ी टक्कर दी।

वान्या भिलाई टेनिस काम्प्लेक्स की खिलाड़ी हैं। उन्होंने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह बनाई। जहां उनका मुकाबला रायपुर की एयाना कपूर से हुआ। मैच एयाना कपूर ने 6-1, 6-2 से जीता। वान्या पुंढीर को उपविजेता के खिताब से ही संतोष करना पड़ा। वान्या पुंढीर बीएसपी टेनिस क्लब में अपने कोच राजेश पाटिल से नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। कोच राजेश पाटिल एवं दुर्ग जिला टेनिस संघ ने वान्या की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

- छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस संघ का रायपुर में आयोजन

तैयारियों को लेकर हुई बैठक, जनपद अध्यक्ष टिकेश्वरी देशमुख ने ली जानकारी

# राज्य स्तरीय कबड्डी चैम्पियनशिप के खिलाड़ी होंगे तैयार, 17 को ट्रायल, 500 से ज्यादा डूमरडीह में जुटेंगे

**कार्नर न्यूज**

दुर्ग। राज्य स्तरीय कबड्डी चैंपियनशिप 2024-25 का आयोजन आगामी दिनों में होने जा रहा है। प्रतियोगिता में दुर्ग जिले के खिलाड़ी भी प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके लिए 17 नवंबर को खिलाड़ियों का ट्रायल होगा। ट्रायल डूमरडीह में होगा। तैयारियों को लेकर दुर्ग ग्रामीण कबड्डी संघ के अध्यक्ष केशव बंटी हरमुख के निर्देश पर बैठक का आयोजन किया गया। कार्यकारी अध्यक्ष टिकेश्वरी देशमुख ने यह बैठक ली। इसमें कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित हुए। ट्रायल के दौरान जूनियर बालक, बालिका और सीनियर महिला खिलाड़ियां मौजूद रहेंगी। 500 से ज्यादा खिलाड़ी आयोजन में शामिल होंगी। 17 नवंबर दिन रविवार को सुबह 11 बजे से ट्रायल शुरू होगा। जूनियर बालक, बालिका में उम्र की सीमा 20 वर्ष निर्धारित। वहीं वजन बालक अधिकतम 70 किग्रा और बालिका के लिए अधिकतम 65 किग्रा तय है। सीनियर महिला वर्ग में उम्र की कोई सीमा नहीं है। वजन अधिकतम 75 किग्रा निर्धारित है।



### चाय-नाश्ते के रहेगा इंतजाम, प्रशिक्षण भी देंगे

बैठक में तय किया गया कि आने वाले खिलाड़ियों के लिए चाय-नाश्ते के इंतजाम किए जाएंगे। इसके अलावा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण भी दिया जाए। ट्रायल के आधार पर सभी ग्रुप में जिला ग्रामीण टीम का चयन किया जाएगा। यह टीम आगामी दिनों में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। बैठक में पीलू पारकर, भुवनेश्वर देशमुख(नवीन), मोहित साहू, गुलाब बेलचन्दन, सुलेंद्र निर्मलकर, अशोक रिंगरी, ईश्वर साहू, जेबा खान, हेमंत बघेल, चंद्रशेखर देवांगन सहित अन्य मौजूद रहेंगे। यह जानकारी गुलाब देशमुख ने दी।



### 24 को उतई कॉलेज मैदान में भी सब जूनियर बालकों का ट्रायल

24 नवंबर दिन रविवार कॉलेज मैदान उतई में सब जूनियर बालक, बालिका उम्र सीमा 16 वर्ष, और वजन अधिकतम 55 किग्रा निर्धारित सीमा है। इसी प्रकार 1 दिसंबर को ग्राम कोड़िया (हनोदा) में सीनियर पुरुष वर्ग का ट्रायल होगा। यहां उम्र सीमा की कोई बंधन नहीं है। वहीं वजन अधिकतम 80 किलोग्राम निर्धारित किया गया है। प्रत्येक टीम के लिए पंजीयन शुल्क 100 निर्धारित है। वहीं ट्रॉयल में दुर्ग, पाटन और धमधा ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी भाग लेने के लिए पात्र होंगे। खिलाड़ियों को आधार कार्ड की मूल प्रति लाना अनिवार्य है।

### खिलाड़ियों का जीवन और सुरक्षा बीमा है आवश्यक

ग्रामीण कबड्डी संघ ने खिलाड़ियों से अपील की है कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का इंश्योरेंस जरूर कराएं। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष टिकेश्वरी देशमुख ने कार्यकारिणी के बैठक के दौरान कहा कि सभी सदस्य ट्रायल में उपस्थित रहें। समय का विशेष ध्यान रखें। बैठक में अनुशासन का ध्यान सदस्यों और ऑफिशियल सहित संबद्ध संस्थाओं को रखने के विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। बैठक में आगामी दिनों में होने वाले ट्रायल को लेकर कार्ययोजना तैयार की गई। सदस्यों को जिम्मेदारी भी सौंपी गई।

## सिटी इवेंट

# विद्यार्थियों को राष्ट्र की एकता और अखंडता की दिलाई शपथ



**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग में राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना था। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं गोदग्राम समन्वय डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम द्वारा विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने राष्ट्र की एकता एवं अखंडता की आवश्यकता को विस्तार पूर्वक विश्लेषण करते हुए विद्यार्थियों को उनके सामाजिक एवं राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व पर प्रकाश डाला। साथ ही राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने वाले भारत के प्रथम उप-प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के बहुमूल्य योगदान का भी स्मरण किया गया। डॉ. मेश्राम द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए शपथ दिलाई गई।

- भारती विश्वविद्यालय में हुआ व्याख्यान का आयोजन

कार्यक्रम में राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के महत्व पर बी.एड. तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी अंकित राम तथा डीएलएड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी लोकेंद्र मारकंडे सहित अन्य विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम से काफी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम के आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ. रोहित कुमार वर्मा, डॉ. भूमिका मिश्रा तथा श्वेता ने सहयोग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कला एवं मानवीकी संकाय के डीन डॉ. अजय कुमार सिंह ने किया। भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग में एनईपी-2020 को ध्यान में रखते हुए लगातार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

## हिंदी-यूएसए सेंट लुइस की पहल पर जुटे भारतीय-अमेरिकी, मिलजुल कर मनाई खुशियां

# अमेरिका में भारतवंशियों ने दिवाली और नवरात्रि साथ में किया सैलिब्रेट, भिलाई से भी रही भागीदारी

**भिलाई।** अमेरिका में बसे भारतवंशियों ने हिंदी-यूएसए सेंट लुइस के बैनर तले तीसरा वार्षिक दिवाली और नवरात्रि महोत्सव शानदार ढंग से मनाया। इसमें 450 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इनमें इस्पात नगरी भिलाई से अमेरिका में अपना भविष्य गढ़ रहे युवा भी सपरिवार शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि भिलाई से जाकर अमेरिका में बस चुके हिंदी के प्रति समर्पित युवा मयंक जैन और उनकी पत्नी अंशु जैन की इस आयोजन में विशेष भागीदारी रही। मयंक जैन ने बताया कि यह सेंट लुइस का सबसे बड़ा इंडोर भारतीय दीवाली मेला था, जिसमें 20 से अधिक विभिन्न प्रकार के स्टॉल और गतिविधियां शामिल थे। इस आयोजन ने भारतीय संस्कृति और परंपराओं की समृद्धि को दर्शाते हुए पारंपरिक भोजन, संगीत, नृत्य और कई रोचक गतिविधियां प्रस्तुत की।इस आयोजन में सेंट लुइस काउंटी के प्रॉसिक्यूटर और डेमोक्रेटिक पार्टी के नवनिर्वाचित मिसौरी के यूएस हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव मिस्टर वेस्ले बेल, ओसीए सेंट लुइस की उपाध्यक्ष और सेंट लुइस की वियतनामी एसोसिएशन की अध्यक्ष क्रिस्टिना ली, कन्नड़ स्कूल के नेता शशिकांत गजराज और तमिल भाषा स्कूल के नेता मिस्टर नारायण जैसे विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति ने इस महोत्सव में चार चाँद लगा दिए। उनकी उपस्थिति ने सेंट लुइस के विभिन्न समुदायों के बीच एकता को और भी मजबूत किया।



### अमेरिका में हिंदी को बढ़ावा दे रहे भिलाई के मयंक-अंशु

भिलाई से अमेरिका गए मयंक और अंशु जैन दंपति हिंदी यूएसए सेंट लुइस के माध्यम से 230 से अधिक छात्रों को हिंदी सिखाने वाली एक गैर-लाभकारी संस्था का संचालन कर रहे हैं। उन्होंने इस स्कूल को पूरे मिडवेस्ट क्षेत्र और अमेरिका के सबसे बड़े हिंदी भाषा स्कूलों में से एक बना दिया है। मयंक जैन ने बताया कि वह इस स्कूल के पाठ्यक्रम को मान्यता दिलाने के प्रयास कर रहे हैं ताकि छात्रों को हिंदी अध्ययन के लिए क्रेडिट प्राप्त हो सके। मयंक जैन ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अपने 60 से अधिक स्वयंसेवकों की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन सभी स्वयंसेवकों के बिना यह आयोजन संभव नहीं हो पाता।




### रंगोली, रैफल ड्रॉ जैसे इवेंट भी कराए गए

इस महोत्सव में उपस्थित लोगों ने फोटो बूथ, रंगोली प्रतियोगिता और रैफल ड्रॉ जैसे आनंददायक अनुभवों का आनंद लिया। बच्चों के लिए फेस पेंटिंग और गुब्बारा कला जैसी गतिविधियां भी आयोजित की गईं। नवरात्रि की थीम पर आधारित दो नृत्य प्रस्तुतियाँ-बच्चों के लिए एक विशेष नृत्य कार्यक्रम और वयस्कों के लिए एक डीजे नवरात्रि डांस ने परिवारों और समुदायों को एक साथ जोड़ा और परंपरा को हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का समापन एक भव्य आतिशबाजी के साथ हुआ। मयंक जैन ने बताया कि हिंदी भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देने के हिंदी यूएसए के मिशन का समर्थन करते हुए, बुक स्टॉल पर भाषा संसाधन उपलब्ध कराए गए।

### सेंट लुइस की मेयर को भी किया गया था आमंत्रित



कार्यक्रम में सेंट लुइस की मेयर तिशॉरा जोन्स के कार्यालय में आयोजित दीपावली कार्यक्रम में भिलाई के मयंक-अंशु जैन दंपति को विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया था। मयंक ने बताया कि कार्यक्रम में सेंट लुइस के भारतीय समुदाय के विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया था। यह आयोजन बीएपीएस मंदिर सेंट लुइस द्वारा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर दीपावली को सेंट लुइस में हिंदुओं के एक प्रमुख त्योहार के रूप में मान्यता देने के लिए एक घोषणा पत्र भी जारी किया गया।

## स्पोर्ट्स लाइव

# विश्व बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा में अशोक ने जीता स्वर्ण पदक



**भिलाई।** 15वीं विश्व बाडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन 6 से ।। नवबंर तक मालदीव में आयोजित की गई। वर्ल्ड बाडी बिल्डिंग चैम्पयनशिप में छत्तीसगढ़ से भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे अशोक बेहरा ने 65 किलो ग्राम वजन समूह में एवं अंतरराष्ट्रीय निर्णायक में महेन्द्र कुमार टेकाम में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे छत्तीसगढ़ के अशोक बेहरा ने 65 किलो ग्राम वर्ग मे पहली बार स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अशोक पूर्व में भी इसी वर्ष साऊथ एशिया चैम्पियनशिप में ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया था अशोक बेहरा की इस उपलब्धि पर भारतीय टीम के साथ-साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है। इण्डियन बाडी बिल्डर्स फेडरेशन के महासचिव चेतन पठारे, अध्यक्ष स्वामी रमेश ने अशोक को इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है छत्तीसगढ़ प्रदेश बाडी बिल्डिंग एसो. के महासचिव अरविन्द सिंह, अध्यक्ष योगेन्द्र पाण्डेय, सचिव वी. राजशेखर राव, कोषाध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह, दुर्ग जिले के सचिव अमित बंछोर, अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक महेन्द्र कुमार टेकाम, तुलसी सोनी, नवीन पटेल, सुमीत विश्वास, रमेश हिरवानी, मानिक ताम्रकार, जितेन्द्र ठाकुर, सुभाष राव, सलीम बक्शी, नाहिद अख्तर खान, किशन वर्मा, नवीन सिंह ने उज्जवल भविष्य की कामना के साथ शुभकामानएं दी है।

## सांस्कृतिक भवन में आयोजन

# भंते ने त्रिशरण और पंचशील पाठ कर बताया धम्म देशना




**भिलाई।** भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई पं क्र 1119 के तत्वावधान में बाबासाहेब डॉ अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 भिलाई में दो दिवसीय कठिन चीवर दान कार्यक्रम (पुण्य महोत्सव) भंते सप्पजनो अरूणाचल प्रदेश, उत्तमो मग्गो, सिठ्ठी विशुद्धी के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। जिसके पहले दिन कार्यक्रम की शुरुआत में भंते द्वारा पूजा वंदना की गई। शाम 6 बजे से रात 8.15 तक धम्म देशना दी, जिसमें भंते ने धम्म देशना में कठिन चीवर दान के महत्व को समझाया और कहा कि दान पारमिता पूरी करने के लिए भंते को कठिन चीवर दान लेना पड़ता है। बुद्ध धम्म में वस्त्र दान का बड़ा महत्व है। इसमें चारिका (धम्म रैली, भ्रमण) की जाती है। दूसरे दिन के कार्यक्रम में सुबह 8 बजे से 9.30 तक भंते द्वारा धम्म रैली (चारिका, भ्रमण) निकाली गई, जो डॉ अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 से शुरू होकर मस्जिद चौक, अंडर ब्रिज चौक, सेक्टर 6 ए मार्केट चौक, साईबाबा मंदिर रोड होकर डॉ अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 में समापन हुआ। इस धम्म रैली में तथागत भगवान बुद्ध की झांकी सजी हुई थी। जिसमें काफी संख्या में उपासक-उपासिकाएं सम्मिलित थे।

### अच्छे कर्म करना ही पुण्य का संचय करना- भंते



रैली के बाद भंते ने पूजा वंदना, त्रिशरण- पंचशील पाठ किया, उपस्थित सभी जनों को मेडिटेशन (ध्यान साधना) करवाया, धम्म देशना दी, मंगलकामनाए देकर कठिन चीवर दान पर व्याख्यान दिया और कहा कि दान देने से पुण्य लाभ मिलता है, अहंकार विहीन स्वभाव होता है, चित्त निर्मल होता है, चित्त की चेतना परिशुद्ध करना ही पुण्य लाभदायक है, अच्छे कर्म करना ही पुण्य का संचय करना है। भिक्षुओं की सबसे बड़ी सम्पत्ति चीवर और भिक्षा पात्र है। इस अवसर पर तीस परिवार ने भिक्षु संघ को चीवर दान दिया और लोगों ने अन्य वस्तुए भेंट दी जिसके लिए भंते ने सभी को मंगलकामनाएं दी। उपस्थित लोगों ने बड़े ही शांतिपूर्ण तरीके से धम्म देशना सुनी। इस कार्यक्रम में सभी सफेद वस्त्र धारण करके सम्मिलित हुए और अनुशासन का पालन किया। संस्था की अध्यक्ष सविता मेश्राम के मार्गदर्शन में , सभी पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों एवं सभी के सहयोग से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन महासचिव रामराव ढोक ने किया। इस दौरान सभी उपासक, बौद्ध अनुयायी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## दिवाली मिलन समारोह

# महिलाओं ने सुआ और पुरुषों ने किया राउत नाचा व पंथी नृत्य



### भारतीय नौसेना से सेवानिवृत अधिकारियों ने किया दिवाली मिलन

**भिलाई।** दुर्ग-भिलाई के भारतीय नौसेना से सेवानिवृत अधिकारियों द्वारा दिवाली मिलन का कार्यक्रम रिसाली के होटल में आयोजित किया गया। इस दौरान ग्रुप के बच्चों ने कई गेम्स खेले। ग्रुप के सदस्यों ने सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर भारतीय नौसेना आर्टिफिसर ब्रांच से सेवानिवृत होकर भिलाई डियर फैमिली के ग्रुप के सभी सदस्य अपने परिवार के साथ उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना एवं भगवान राम के मनभावन सुमधुर भजनों से किया गया। संस्कृति, रिद्धि चंद्राकर, श्रेयांशी, हर्षित एवं अंशु के द्वारा धार्मिक थीम पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान महिलाओं के द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, सुवा नृत्य एवं पुरुषों के द्वारा राउत नाचा एवं पंथी नृत्य का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का समापन आतिशबाजी के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन रिद्धिमा चंद्राकर और विनय चंद्राकर ने किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। आयोजकों ने बताया कि अब से प्रतिवर्ष इस प्रकार का आयोजन किया जाएगा। ताकि पुराने साथी और सेवानिवृत अधिकारी मिले।

## सिटी इवेंट

# छग ओपन कराटे चैंपियनशिप में भरत और आशीष को मिला सिल्वर मेडल



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में 6वें छत्तीसगढ़ ओपन कराटे चैंपियनशिप का दो दिवसीय आयोजन धमतरी में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में सभी जिलों से कुल 400 बच्चों ने भाग लिया। इन बच्चों ने सेक्टर 7 इस्पात क्लब में कराटे प्रशिक्षण जी. अमर से प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात क्लब सेक्टर 7 से भाग लिए बच्चों ने एक गोल्ड जी. भरत व बी. आशीष ने सिल्वर मेडल जीता। भिलाई इस्पात मज़दूर संघ के महामंत्री एवं इस्पात क्लब सेक्टर 7 के सचिव चन्ना केशवलू ने इन बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

- 6वें छत्तीसगढ़ ओपन कराटे का दो दिवसीय आयोजन धमतरी में हुआ

## गौड़ ब्राह्मण समाज भिलाई का दीपावली मिलन व अन्नकूट समारोह

# सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का किया सामूहिक पाठ गौड़ समाज ने एकजुटता और संस्कारों का दिया संदेश

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** गौड़ ब्राह्मण समाज भिलाई का दीपावली मिलन-अन्नकूट प्रसादी कार्यक्रम का आयोजन सनातन धर्म व संस्कृति के अनुरुप किया गया था इस दौरान हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का सामूहिक पाठ कर अतिथियों ने समाज के एकजुटता और संस्कारों का दिया संदेश दिया।

गौड़ ब्राह्मण समाज भिलाई का दीपावली मिलन समारोह अग्रेसन भवन खुर्सीपार में किया गया था। इस अवसर पर समाज के प्रतिष्ठित गणमान्य अशोक पंचोली, श्याम सुंदर शर्मा, कमलेश शर्मा, महेश वशिष्ट, ओम प्रकाश शर्मा, रूपनारायण शर्मा, सतीश शर्मा, डॉ कैलाश शर्मा, मनीष कुमार शर्मा, डॉ तेज प्रकाश शर्मा और रतन अग्रवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों दवरा भगवान परशुराम के तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर सुंदर कांड एवं हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ का वाचन कर किया गया।



### बचपन से ही सिखाएं बच्चों को मंत्र व श्लोक

इस अवसर पर अध्यक्ष विजय शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें अपने बच्चों को मंत्रों के बारे में जानकारी देना चाहिए, उन्हें हनुमान चालीसा, सुंदर कांड, गायत्री मंत्र, शिव तांडव की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज ब्राह्मण समाज को अपने अस्तित्व की रक्षा और शोषण की लड़ाई के लिए एक होना आवश्यक हैं। सामाजिक चुनौतियां का सामना करने के लिए ब्राह्मण समाज में एकता की आवश्यक हैं। उन्होंने उपस्थित सभी सामाजिक जनों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान अथितियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दीपावली की शुभकामानएं देते हुए समाज को एकजुट रहने एवं समाजिक जनों की यथायोग्य सहायता करने की बातें कही।

### मनाई आंवला नवमी, हुए गेम्स



आंवला नवमीं के अवसर पर समाज की महिलाओं ने मिलकर आंवला नवमी उत्साह के साथ के साथ मनाया और पूजा कर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मनोरंजन के लिए महिलाओं ने राजस्थानी परिवेश में रंगारंग कार्यक्रम और मारवाड़ी गानों पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। महिलाओं ने पिलो गेम, कुर्सी दौड़, खेल प्रतियोगिता, संस्कृत में श्लोक, मंत्र एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया।

**यह रहे उपस्थितः** मीडिया प्रभारी राजेश शर्मा ने बताया कि गौड़ ब्राह्मण समाज दुर्ग सहित अन्य जिलों से राजेन्द्र शर्मा, योगेंद्र शर्मा, रमेश कुमार शर्मा, नंदकिशोर, सुरेश शर्मा, प्रमोद जोशी, राकेश शर्मा, संजय शर्मा, विजय पटाक, नंद किशोर पटाक, भावेश शर्मा, राकेश शर्मा, सागर पंचोली, श्याम मुरारी शर्मा, अशोक शर्मा, सत्यप्रकाश शर्मा सहित अनेक जन सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान शोभित शर्मा, संजय शर्मा, हरिशचंद्र, पवन, मधुकांत, शिव कुमार, मालीराम, महेश, ओम प्रकाश जोशी, अमितेश पुरोहित, कमल शर्मा, अजय, मुकेश, युवा संगठन अध्यक्ष मुकेश वशिष्ठ, अंकित, बृजेश, रत्नेश, लक्ष्मी नारायण, मनोहर लाल, ब्रमदत्त, मनोज जोशी, विकाश शर्मा, रणजीत, महिला संगठन से सुनीता शर्मा, सीमा, डॉ ममता, स्वीटी कौशिक, आशा, कृष्णा पंचोली, मोनिका, संगीता, आरती, नीलम वशिष्ट, अनुराधा शर्मा सहित समाज के गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### महापौर ने जताया आयोग का आभार

**दुर्ग।** नगरीय निकाय के चुनाव में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया तक जिनकी आयु 18 वर्ष की हो गई है। उन्हें मतदान करने का अधिकार मिलेगा। इससे पहले 1 जनवरी 2024 तक 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं को मतदान करने का अधिकार दिया जा रहा था। निगम महापौर धीरज बाकलीवाल ने इस महत्वपूर्ण विषय पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा था। दुर्ग में पहल किए जाने का असर अब प्रदेश के लोगों को मिलेगा। महापौर ने इसके लिए आयोग का अभार माना है। संसोधन के बाद एक अक्टूबर 2024 की स्थिति में अठारह वर्ष पूरा कर चुके युवा नाम जुडा सकेगें। उन सभी युवाओं का नाम मतदाता सूची मे प्राथमिकता से जोड़े जाने का आदेश, निर्देश अपने अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारी को शीघ्र प्रदान करने की मांग की थी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने श्री बाकलीवाल के मांग पत्र को राज्य निर्वाचन आयोग को भेजा था। संसोधन आदेश विगत 11 अक्टूबर को जारी किया गया।

### सामूहिक तुलसी विवाह 14 को

**दुर्ग।** युवा सेवा संघ भिलाई दुर्ग के तत्वधान में संत आसाराम बापू हरिओम परिवार द्वारा सामूहिक तुलसी विवाह कार्यक्रम 14 नवंबर को माता तुलसी एवं भगवान शाली ग्राम का विधि विधान से तुलसी विवाह कार्यक्रम रखा गया है। इस अवसर पर भजन संध्या की विशेष प्रस्तुति चंचल साहू और मीना द्वारा एवं जगराता की प्रस्तुत दी जायेगी। कार्यक्रम शाम 5 से रात 10 बजे तक स्वामी विवेकानंद पार्क सेक्टर 1 भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन के पास आयोजित होगी। संघ द्वारा बताया गया कि कार्तिक पूर्णिमा कार्यक्रम 15 नवंबर को हवन पूजन के साथ चातुर्मास की पूर्ण आहुति संत आसाराम बापू आश्रम बेलौदी दुर्ग में की जाएगी। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

### मिली 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** दुर्घटना में मृतक के परिजनों को 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुम्हली पोस्ट पौहा तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी श्रीमती राही ठाकुर की विगत 10 जनवरी 2022 को तालाब में डूबने से, ग्राम कंडरका, थाना कुम्हारी अहिवारा तहसील जिला दुर्ग निवासी रविशंकर धीवर की विगत 17 सितम्बर 2022 को सांप काटने से मृत्यु हो गई थी। प्रावधानों के अनुरूप स्व. राही ठाकुर के पुत्र गणेश कुमार ठाकुर और स्व. रविशंकर धीवर के पिता जगतू धीवर को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

### शिविर आज

**दुर्ग।** वार्ड 23 दीपक नगर में 13 नवंबर को आधार कार्ड बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। साथ ही शिविर में सुकन्या योजना व नोनी सुरक्षा योजना का भी खाता खोला जा सकेगा।

# रेलवे स्टेशन का कायाकल्प करने की तैयारी, खाली कराए सवा सौ क्वार्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

रेल मंत्रालय द्वारा रेल्वे स्टेशन का कायाकल्य बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शुरूआती दौर में तकनीकि टीम ने विगत दिनों रेल्वे स्टेशन की मिट्टी का सैंपल प्रयोगशाला भेजा है, वही अब तक सवा सौ रेल्वे क्वार्टर भी खाली कराए जा चुके है। ऐसा माना जा रहा है कि, जल्द ही रेल्वे की तकनीकि विभाग द्वारा जमीनी स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी जाएगी।

उल्लेखनीय हैं कि, रेल मंत्रालय द्वारा देश के रेलवे स्टेशनों में यात्रियों के विश्वस्तरीय सुविधाएं देने अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत देश के अन्य रेल्वे स्टेशन का भी चुना गया है, जिसमें दुर्ग भी शामिल है। इस स्कीम के तहत दुर्ग रेल्वे स्टेशन में पांच मंजिला भवन तैयार किया जाएगा। इसके लिए पुराने क्वार्टर में रह रहे लोगों को दूसरे जगह शिफ्ट करने रेल्वे द्वारा नोटिस भी जारी किया गया है। वर्तमान में सिर्फ डेढ दर्जन ही क्वार्टर खाली होना बाकी हैं। दुर्ग रेलवे स्टेशन का कायाकल्प करने 440.85 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यही नहीं दुर्ग जिले में भिलाई, भिलाई पावर हाउस, भिलाई नगर व मरोदा रेलवे स्टेशन का भी जिर्णोद्धार किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य का दुर्ग जिला औद्योगिक विकास, सांस्कृतिक विविधता को लिए औद्योगिक जिला है। भिलाई का स्टील प्लांट का नाम ही इसके लिए काफी है। यही कारण है कि केन्द्र के रेल्वे मंत्रालय ने न सिर्फ दुर्ग बल्कि भिलाई सहित मरोदा स्टेशन का भी चयन किया हैं।

## 440.85 करोड़ रुपए की लागत से दुर्ग रेलवे स्टेशन का कायाकल्प

### नए रूप में ऐसी मिलेगी सुविधा

अफसरों ने बताया कि, पांच मंजिला इमारत बनने के साथ ही स्टेशन में मुख्य प्रवेश को खास डिजाइन में तैयार किया जाएगा। मुख्य प्रवेश के लिए भव्य एंट्री व एक्जिट की व्यवस्था की जा रही है। स्टेशन में 17 टिकट बुकिंग विंडो व 6 आरक्षण काउंटर की सुविधा होगी। इससे किसी भी समय टिकट लेने यात्रियों को मारामारी नहीं करनी पड़ेगी। साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए 49 लिफ्ट और 21 एस्केलेटर लगाए जाएंगे। इसके अलावा बेहतरीन प्लेटफार्म सरफेस, 1050 किलोवाट पावर सोलर सोलर पैनल युक्त ऊर्जा संरक्षण, प्रत्येक प्लेटफार्म पर 24 कोच इंडिकेशन बोर्ड, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, 6 मीटर चौड़े तीन फुट ओवर ब्रिज, 160 वाटर कूलर व 16826 स्क्वायर मीटर प्लेटफार्म शेल्टर होगा। स्टेशन परिसर में बेहतरीन पार्किंग व्यवस्था व कोनकोर्स एरिया होगा।



### खाली करा रहे

रेल्वे क्वार्टरों को खाली कराने नोटिस दिया गया है। कुछ ही लोग बचे है। जल्द ही खाली कराया जाएगा। यहां केन्द्र के योजना के तहत काम शुरू किए जाने की तैयारी की जा रही हैं।
**-लखबीर सिंह,** मुख्य स्टेशन मास्टर दुर्ग

### दूसरे चरण में माल धक्का भी हटेगा

रेल्वे स्टेशन के माल धक्का को भी दूसरे जगह हटाने की चर्चा की जा रही है। खबर है कि, स्टेशन के माल धक्का हटाकर बोरई में शिफ्ट किया जा सकता है। रेल्वे द्वारा ऐसी तैयारी की जा रही है। लेकिन अफसरों का कहना हैं कि, अभी इसका आदेश नही है। लेकिन यह तय है कि, उस जगह स्टेशन में प्रवेश द्वार तैयार किया जाएगा। क्योकि रोजाना यहां चालीस हजार से अधिक यात्री आते है। ऐसे में प्रवेश द्वार के लिए बडी जगह की जरूरत होगी। यही कारण है कि, माल धक्का को भी हटाने की तैयारी आगामी दिनों होगी।

## मनमानी : भारतमाला परियोजना की आड़ में भू-स्वामियों से बड़ा खेल

# सात लाख की जमीन का मिल रहा साढ़े तीन लाख मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अंजोरा से नया रायपुर तक बनने वाले भारतमाला सिक्सलेन कारिडोर में राजस्व अधिकारियों द्वारा बडा खेल कर दिया गया हैं। नियम के अनुसार पांच सौ वर्ग मीटर से कम की जमीन का मुआवजा वर्गफीट में देना है। लेकिन राजस्व अधिकारियों ने हेक्टेयर में इसे मुल्यांकन कर रिपोर्ट एनएचएआई को भेज दिया है। एक पीडित ने बताया कि, उन्होने 278 वर्गमीटर की जमीन को करीब सात लाख रूपए में खरीदा था, लेकिन उन्हें मुआवजा सिर्फ तीन लाख चालीस हजार मिल रहा है। इस तरह के सैकडों पीडित सामने आ चुके है। हालात यह है कि, पीडित मानसिक रूप से परेशान हो गए हैं।

जानकी साहू ग्राम हनोदा पटवारी हल्का नंबर 39 आरआई सर्किल अंडा ने बताया कि, उन्होने पन्द्रह मई 2017 को पाई-पाई रकब जोडकर 278.81 मीटर की जगह खरीदी थी। जिसकी कलेक्टर दर और रजिस्ट्री स्टांप के जरिए 691500 रूपए में खरीदा था। लेकिन भारतमाला परियोजना में उनकी जमीन अधिग्रहित कर ली गई हैं। उन्होने जब आनलाइन कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत दर्ज कराई, तब उन्हें पता चला कि, उनकी जमीन के बदले उन्हें तीन लाख 40278 रूपए दिए जाने का प्रकरण बनाया है। उन्होने कई बार अधिग्रहित राशि की जानकारी मांगी, लेकिन नही बताई गई। इसी तरह के अन्य किसान भी है। जिन्हे अधिग्रहित होने के बाद नकल तक की जानकारी राजस्व अधिकारी नही दे रहे हैं। उल्लेखनीय हैं कि, विगत 24 अक्टूबर को पीडित सैकडों किसान ने हिन्दी भवन के सामने धरना दिया था। पीडित महेन्द्र चोपडा ने बताया कि, उन्होने सूचना के अधिकार के तहत भी नकल की जानकारी मांगी। लेकिन अफसर जानकारी नही दे रहे है। जमीन मालिक को अब तक नही मालूम की उन्हें उनके जमीन के बदले कितनी राशि मिलेगी। शिव चंद्राकर, महेंद्र चोपड़ा, अखिलेश साहू, रोहित साहू, दुर्गेश निर्मलकर, नवीन देवांगन, पितांबर साहू, धर्मेंण ताम्रकार, एसके राय, दिलीप यादव ने बताया कि, छोटी जमीन को भी हेक्टेयर में निर्धारित किया गया है।

## पीड़ितों की सुनवाई नहीं, अफसर दिखा रहे पीड़ितों को कोर्ट का रास्ता



### सरकारी दर से भी कम मुआवजा?

जानकी साहू की तरह अन्य पीडित भी हैं, जिन्होने सरकारी दर अदा कर जमीन खरीदी थी, लेकिन उन्हें उसकी आदी राशि मुआवजा के तौर पर दिया जा रहा है। जबकि निमयतः सरकारी दर के चार गुणा मुआवजा मिलने का प्रावधान है। दुर्ग अनुविभागीय अधिकारी द्वारा जमकर मनमानी किए जाने का आरोप जमीन मालिको ने लगाया है। पीडितों की माने तो अधिग्रहित किए तीन साल बीत चुका है, लेकिन कई लोगों को आज तक मुआवजा नही मिला हैं।

### प्रशासन पीडितों को भेज रहे कोर्ट

पीडित जानकी साहू ने बताया कि, उनके साथ अन्य लोगों ने संभागायुक्त से विगत सोमवार को लिखित शिकायत की। इस दौरान संभागायुक्त एसएन राठौर ने कलेक्टर से जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि, अवार्ड पारित हो चुका है। ऐसे में निचले स्तर के अधिकारी मूकदर्शक बन गए है और पीडितों को संभागायुक्त के कोर्ट भेज रहे हैं। भारतमाला परियोजना को लेकर अन्य जिलो में सक्ती से राजस्व अधिकारियों पर कार्यवाही की गई है। लेकिन दुर्ग में पीडित लगातार नियमों के तहत मांग कर रहे है, उनकी सुनवाई नही हो रही हैं।

### सांसद-विधायक से शिकायत, असर नहीं

पीडितों ने बताया कि, नियम विरूध्द जमीन अधिग्रहित करने की शिकायत सांसद विजय बघेल और ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर से कर चुके है। लेकिन इसके बाद भी संज्ञान नही लिया जा रहा हैं। ललित चंद्राकर ने कलेक्टर से विगत दिनों चर्चा कर एनएचएआई को प्रकरण सुधारकर भेजने कहा था। लेकिन अफसरों ने वर्गमीटर के जगह हेक्टेयर में अवार्ड प्रकरण भेज दिए। पीडित महेन्द्र चोपडा ने बताया कि, विधायक ललित चंद्राकर ने इस प्रकरण को लेकर प्रशासन को अवगत कराया था।

**कमिश्नर कोर्ट में सुनवाई**

भारतमाला परियोजना के तहत पीडित जमीन मालिको को कमिश्नर कोर्ट में प्रकरण लगाना होगा। आर्बिटिशन (सहमति से मध्यस्तता) के जरिए सुनवाई होगी।
**-हरवंश मिरी,** एसडीएम दुर्ग

# शटडाउन से आधा दर्जन वार्डों में रहेगा पेजयल प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत जीई रोड रायपुर नाका रोड में बजाज आटो के सामने बघेरा टंकी भरने वाली राइजिंग पाईप लाईन लिकेज हो गया है। जिसे सुधारने 13 नवंबर को शटडाउन लिया जाएगा। जिसके चलते शहर के आधा दर्जन वार्डो में सप्लाई प्रभावित होगी।

- 14 को सुबह प्रभावित क्षेत्रों में जलप्रदाय किया जाएगा

शट डाउन लिए जाने के कारण बघेरा की पानी टंकी भर नहीं पायेगी। जानकारी के मुताबिक उक्त दिवस सुबह की वाटर सप्लाई के बाद शाम को वाटर सप्लाई बघेरा जोन की प्रभावित होगी। ऐसे में वार्ड नं. 56 बघेरा क्षेत्र, वार्ड नं. 1 नयापारा क्षेत्र, वार्ड नं. 2 राजीव नगर क्षेत्र, वार्ड नं. 3 मठपारा क्षेत्र, वार्ड नं. 4 गयानगर क्षेत्र के अलावा वार्ड नं. 57 उरला रामनगर क्षेत्र में जलप्रदाय प्रभावित रहेगा। महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त सुमित अग्रवाल एवं जलकार्य प्रभारी संजय कोहले ने प्रभावित क्षेत्रों के नागरिको से कहा कि, प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में समय की मांग अनुसार टैकरों के माध्यम से पानी प्रदाय किया जावेगा। पाईप लाईन रिपेयर उपरांत दूसरे दिन 14 नवंबर को सुबह जलप्रदाय किया जायेगा। पाइप लाइन मरमत कार्य निरीक्षण पर पहुँचे कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, उपअभियंता मोहित मरकाम, जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर मौजूद रहें।

### मिलपारा मंदिर में भंडारा आज

**दुर्ग।** शहर के मिलपारा वार्ड 38 स्थित मां संकटहारिणी दुर्गा मंदिर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। पुजारी चोवाराम तिवारी ने बताया कि, इस दौरान 13 नवंबर को दोपहर तीन बजे से भंडारा का आयोजन किया जाएगा। उन्होने बताया कि, यह 32वां स्थापना दिवस होगा। इसके अवसर पर हर साल भंडारे का आयोजन किया जा रहा हैं।



# भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने जिला अस्पताल का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मागदर्शन में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ भारतीय प्रशासनिक सेवा के 11 प्रशिक्षु

- सीएचएमओ ने दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

अधिकारियों द्वारा विगत दिवस जिला अस्पताल दुर्ग और नगर निगम रिसाली का भ्रमण, निरीक्षण किया गया। जिला अस्पताल भ्रमण, निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ एवं सीविल सर्जन द्वारा स्वास्थ्य से संबंधित सरकारी योजनाओं का विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही जिला चिकित्सालय में उपलब्ध चिकित्सा सुविधा के बारे में भी बताया गया।



इसी प्रकार प्रशिक्षु अधिकारियों ने नगर पालिक निगम रिसाली के स्लम बस्ती रूआबांधा क्षेत्र का भी भ्रमण किये। प्रशिक्षु अधिकारियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना, बी.एल.सी. घटक, ए.एच.पी. घटक, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाएं, राशन कार्ड, मोर संगवारी सेवा, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, धन्वंतरी, पेंशनधारी हितग्राहियों की योजनावार जानकारी, आयुष्मान की जानकारी, एस.बी.एम., डेंगू एवं मच्छर उन्मूलन रोकथाम हेतु प्रयासों का विवरण इत्यादि विषयों पर चर्चा एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त किये।

# वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण की विवरणियां भरने प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राष्ट्रीय सांख्यिकी उपक्षेत्रीय कार्यालय, दुर्ग द्वारा लोक निर्माण विभाग के कांफ्रेंस हॉल में वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण 2023-2024 में चयनित इकाइयों के स्वामी

- अपने उद्योग की जानकारी पोर्टल पर भरने की अपील

प्रबंधक, लेखा विभाग को अपनी विवरणियाँ स्वयं भरने के लिए प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला अयोजित की गई।

कार्यक्रम में दुर्ग इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील बाकलीवाल तथा इंजीनियरिंग पार्क इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेमचंद देवांगन भी विशेष रूप से



उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग के उप संचालक डीएस वर्मा, सहायक संचालक सागर साहू, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, रायपुर के वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी आरके. श्रीवास्तव ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अल्ताफ हुसैन हाजी ने कार्यशाला के महत्व के सम्बन्ध में अवगत कराया। उन्होने कहा राष्ट्रहित के इस महत्वपूर्ण कार्य में अपना योगदान देते हुए अपनी इकाइयों की विवरणियों वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण के पोर्टल पर स्वयं संपूरित करने का प्रयास करें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक इकाई को आबंटित आई.डी. एवं पासवर्ड का उपयोग कर अपने उद्योग से सम्बंधित जानकारी निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें, जिससे देश की औद्योगिक गतिविधियों एवं प्रगति की सही जानकारी समय पर प्राप्त हो सके।

उन्होंने औद्योगिक इकाइयों को आश्वस्त किया कि इस कार्य में उन्हें किसी तरह की कठिनाइयों आने पर विभाग के अधिकारियों द्वारा उन्हें मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय दुर्ग प्रभारी यासीन अली, श्रीनि ई, विजय कुमार राखोंडे, विजय कुजूर, डीसी. साहू, सुभाष साव व संजय मांझी वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारीगण एवं क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर से ओपी. साहू, आरएन. सोनी, अनूप बा, रौशन कुमार्कुमार व एसके. राणा (वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारीगण) ने उपस्थित इकाइयों के प्रतिनिधियों का मार्गदर्शन किया।

## गोंडवाना भवन कसारीडीह में किया गया सम्मान समारोह का आयोजन

# आप पार्टी ने साठ वार्डों में जीतने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आम आदमी पार्टी के शहर अध्यक्ष संजय सिंह द्वारा विगत दिनों गोंडवाना भवन कसारीडीह में कार्यकर्ता सम्मान का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश

- नगरीय निकाय चुनाव जीतने कसी कमर

संगठन महासचिव जसबीर सिंह ने अपने उद्बोधन में कार्यकर्ताओं का उत्साह देख कर कहा कि, दिल्ली पंजाब माडल का असर अब छतीसगड के दुर्ग में देखने को मिलेगा। कार्यकताओं का उत्साह का श्रेय और आयोजक संजय सिंह को दिया। उन्होने कहा कि, दुर्ग के 60 वार्डों में निश्चित ही आम आदमी पार्टी अपने कई पार्षदों को जिताकर लाएगी। सचिव लोक सभा दुर्ग गितेश्वरी बघेल ने कहा कि, आज भाजपा और कांग्रेस कि भ्रष्टाचारी टीम का अंत निश्चित है। सचिव के. ज्योति ने कार्यकर्ताओं को निगम चुनाव में एकजुटता के साथ चुनाव लड़ने के रूप रेखा पर प्रकाश डाला। प्रदेश महासचिव वद्द आलम ने कार्यकताओं से कहा कि जीतना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। अपने लक्ष्य को हमे हर हाल में हासिल करना है। लोकसभा अध्यक्ष एसके अग्रवाल ने कहा कि, इस बार पूरी मजबूती से शहर संगठन चुनाव लड़ेगी। अपने साथ जीतकर कई पार्षद बनाएगी, यही हमारा लक्ष्य है। शहर अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि, किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए के लिए एक बेहतरीन टीम होना का होना आवश्यक है जो आज प्रदेश कार्यकारिणी दुर्ग निगम चुनाव जीतने के लिए बनाई गई। कार्यक्रम में प्रदेश से आए पदाधिकारियों में वदूद आलम प्रदेश महासचिव, धनश्याम चंद्राकर प्रदेश उपाध्यक्ष, संजीव विश्वकर्मा प्रदेश संगठन मंत्री, मेहरबान सिंह आरटी आई प्रदेश संयोजक, डा. एसके अग्रवाल लोकसभा अध्यक्ष, गीतेश्वरी बघेल सचिव, के. ज्योति प्रदेश सचिव, घनश्याम सोनी वरिष्ठ सदस्य, अध्यक्ष संजय उपस्थित थे।




### नए पदाधिकारियों का किया गया सम्मान

नव पदाधिकारियो का पुष्पहार पहना कर सम्मान किया, नवनियुक्त पदाधिकारियों में दिवाकर सिंह ठाकुर महासचिव, रवि साहू संगठन मंत्री, शंकर ठाकुर, शिशीर झा, बलदेव साहू, अशोक पटवा- उपाध्यक्ष, सोनू यादव, शिवशंकर मिश्रा, सचिव, आनंद नरेश कोषाध्यक्ष, सुकांत खांडा, मनीष श्रीवास्तव, सुरेश साहू, शैनेन्द्र सिंह, एनु साहू, धमेन्द्र चौधरी का स्वागत प्रदेश पदाधिकारियो के द्वारा किया गया।

### 32 साल पुराने बकायादार ने जमा किया संपत्ति कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम में संपत्ति कर भुगतान के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने आम नागरिकों से अपील किया है। कमिश्नर के अपील एवं धारा 174 नोटिस मिलने के बाद सन 1992 से 2024 तक से वार्ड 42 के करदाता ने पिछले 32 साल का टैक्स एक साथ भुगतान किया। शहर के कुछ पुराने बकाया दारों ने स्वेच्छा से नगर निगम में आकर अपने संपत्ति कर का भुगतान किया।

इन कर दाताओ को निगम द्वारा नोटिस जारी किया गया था। नोटिस के बाद भी नगर निगम के द्वारा चलाये जा रहे कर वसूली अभियान में बकाया संपत्ति कर का भुगतान जमा कर जागरूकता दिखाकर अपनी भागीदारी निभाई।

# सक्रिय सदस्यता की सूची का प्रकाशन 15 नवंबर के बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भाजपा के संगठन पर्व 2024 के अंतर्गत पूर्व निर्धारित शेड्यूल के अनुसार दुर्ग जिला सक्रिय सदस्यता समीक्षा समिति ने मंडलों से प्राप्त सक्रिय सदस्यता आवेदन प्रपत्रों की समीक्षा की तत्पश्चात सक्रिय सदस्यों की प्रारंभिक सूची 5 नवंबर 2024 को जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा द्वारा प्रकाशित करते हुए प्रदेश भाजपा नेतृत्व को प्रेषित किया गया है। सक्रिय सदस्यता अभियान को 15 नवंबर तक बढ़ाया गया है। जिन कार्यकर्ताओं ने मंडल में उपलब्ध सक्रिय सदस्यता आवेदन प्रपत्र शुल्क सहित जमा नहीं किया है, वे 15 नवंबर से पहले प्रक्रिया पूरी कर सकते है। तभी 15 नवंबर के बाद जिला समीक्षा समिति के परीक्षण उपरांत सक्रिय सदस्यता की अंतिम सूची में उनका नाम आ सकेगा। सक्रिय सदस्य की अतिरिक्त एवं अंतिम सूची का प्रकाशन 15 नवंबर के बाद होगा। मंडल में उपलब्ध सक्रिय सदस्य आवेदन प्रपत्रों को भरे बगैर कार्यकर्ता की सक्रिय सदस्यता पर विचार/समीक्षा नही हो सकेगी और सूची में नाम दर्ज नहीं होगा। अतः सक्रिय सदस्य आवेदन प्रपत्र आवश्यक रूप से मंडल में भरने कहा गया है। भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा प्राथमिक सदस्यता अभियान अंतर्गत निःशुल्क ऑनलाइन सदस्यता की प्रक्रिया को भी 15 नवंबर तक के लिए बढ़ाया गया है।

- सदस्यता प्रक्रिया की भी बढ़ाई गई तिथि

# बीएसपी के शिक्षा विभाग का पीएम ट्रॉफी छात्रवृत्ति वितरण और प्रतिभा सम्मान समारोह

## अतिथियों ने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने और प्रभावित करने वाले सकारात्मक करकों के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा सेक्टर-1 नेहरु सांस्कृतिक सदन में, बीएसपी कर्मचारियों के बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह तथा प्रधानमंत्री ट्रॉफी छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार के मुख्य आतिथि थे। कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती, पवन कुमार, बीके गिरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डां. एम रविन्द्रनाथ और कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार उपस्थित थे।

ऑफिसर्स एसोशियेशन के अध्यक्ष एवं सेफी के चेयरमैन एनके बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह और महाप्रबंधक उत्पल दत्ता सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अंजनी कुमार ने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थी जीवन में दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ें औक संघर्षों से स्वयं को प्रत्येक चुनौती के साथ उत्कृष्ट बनें। उन्होंने वर्तमान में उपलब्ध सभी सुविधाओं जैसे एआई का उपयोग कर विद्यार्थियों को आगे बढ़ने और देश के भविष्य को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने वाले कारकों के बारे में अपने विचार साझा किए। स्वागत गीत सीनियर सेकेन्डरी स्कूल सेक्टर-10 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। महाप्रबंधक शिखा दुबे ने स्वागत भाषण में पीएम ट्रॉफी छात्रवृत्ति, सेल छात्रवृत्ति एवं मेरिट अवार्ड के बारे में अवगत कराया। अतिथियों द्वारा छात्रवृत्ति के लिए चयनित छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

प्रधानमंत्री ट्रॉफी की योजना के तहत 159 छात्र-छात्राओं को तकनीकी या ग़ैर तकनीकी पाठ्यक्रम के लिए वार्षिक छात्रवृत्ति के रूप में 11000/- रुपये प्रदान किये जाते हैं। इन छात्रवृत्तियों का चयन 12वीं कक्षा के प्राप्तांक के आधार पर किया जाता है। तृतीय श्रेणी सेल छात्रवृत्ति, भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों की संख्या के आधार पर दी जाती है। तकनीकी क्षेत्र के लिए 3000/- रुपये व ग़ैर तकनीकी पाठ्यक्रम के लिए 1800/- रुपये की छात्रवृत्ति दी जा रही है। योजना में इस वर्ष कुल 36.27 लाख रुपये की राशि छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान की गई। इस बार चयनित 235 विद्यार्थियों में से 128 छात्र एवं 107 छात्राएँ हैं, जिसमें 80 छात्र-छात्राएँ आरक्षित वर्ग के हैं। 115 इंजीनियरिंग के, 52 मेडिकल के, 9 स्नातकोत्तर के तथा 59 अन्य पाठ्यक्रम के विद्यार्थी हैं।



### टीक्यूटी के 37 विद्यार्थी पुरस्कृत

प्रधानमंत्री ट्रॉफी छात्रवृत्ति, सेल छात्रवृत्ति और मेरिट रिवार्ड का वितरण एक ही मंच से किया गया। मेरिट रिवार्ड के लिये छात्रों का चयन सीबीएसई, छत्तीसगढ़ बोर्ड व अन्य किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड के 10 वीं एवं 12 वीं कक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर तथा 8वीं के लिए टीक्यूटी के प्राप्तांकों के आधार पर किया जाता है। इस श्रेणी में 37 छात्रों को पुरस्कृत किया गया जिनमें से 4 छात्र खदान समूह से हैं। प्रिंसिपल सुमिता सरकार ने धन्यवाद ज्ञापन व संचालन वरिष्ठ व्याख्याता नमिता देशपांडे व शिक्षिका महुवा चटर्जी ने किया।

## खबर संक्षेप

### शेयर मार्केट के नाम पर 9 लाख की ठगी

**भिलाई।** शेयर मार्केट में इंवेस्ट करने के नाम पर ठगी करने के मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि मकान नं. 4 वार्ड नं.45, गोकुल धाम सोसाइटी, जिला राजनांदगांव निवासी धनीराम सिन्हा शेयर मार्केट में लाभ दिलाने का झांसा देकर महिला पीड़िता से 9 लाख रुपए की ठगी की है। रिंकी राठौर के मुताबिक धनीराम उसके पति मंगल सिंह राठौर के दोस्त मनोज साहू से पुरानी जान पहचान थी। धनीराम शेयर मार्केट में पैसा लगवाने का काम करता था। मनोज साहू के माध्यम से उनसे मुलाकात किया। अपने मोबाइल पर फर्जी दस्तावेज दिखाकर शेयर मार्केटिंग से लाभ मिलने का झांसा दिया। पैसा इनवेस्ट कराकर अच्छा रिटर्न दिलाने का आरोपी ने झांसा दिया। 24 नवंबर 2023 को धनीराम , मनोज साहू पीड़िता के घर पहुचे। उन्हें शेयर मार्केट का झांसा देकर ठगी किया। धनीराम की बातों पर पीड़िता ने भरोसा जकताते हुए चेक से 9 लाख रुपए दिया। उक्त रकम आईडीएफसी बैंक से पति मंगल सिंह ने लोन लेकर दिया था। धनीराम ने आश्वासन दिया था कि उन्हें प्रतिमाह 5 प्रतिशत ब्याज यानी कि 45,000 रुपए ब्याज मिलेगा।

## पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने कंट्रोल रूम में बैठक लेकर दिए जरूरी निर्देश

# जमानत पर छूटने के बाद अपराध करने वालों की जमानत कराई जाएगी निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग-भिलाई के गुंडे-बदमाशों और चोरों की अब खैर नहीं है। पुलिस ने उन्हें पकड़ने के लिए अभियान चलाएगी। पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्लला ने बैठक लेकर इसके लिए रोड मैप तैयार किया। जिले के सभी पुलिस अधिकारियों, थाना और चौकी प्रभारियों को इसके लिए निर्देश जारी किए गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले के गुंडे-बदमाशों की सूची तैयार की जाए। सक्रियता के साथ इस काम को किया जाए। जमानत पर छूटे आरोपियों द्वारा पुनः अपराध किए जाने पर उनकी जमानत निरस्त कराई जाए। रहवासी कॉलोनियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए वहां के लोगों के साथ बैठकें की जाएं। उन्हें सुरक्षा उपाय से अवगत कराया जाए। जुआ, सट्टा, अवैध शराब, गांजा एवं नशीली सामग्रियों का अवैध कारोबार करने वालों पर ठोस और सख्त कार्रवाई की जाए। वे अब तक हर थाने का औचक निरीक्षण करेंगे। लंबित प्रकरणों की समीक्षा करेंगे। बैठक में पुलिस अधिकारी सुखनंदन राठौर, अभिषेक झा, वेदव्रत सिरमौर, डॉ. पदमश्री तंवर, ऋचा मिश्रा, तापेश्वर सिंह नेताम सहित अन्य उपस्थित थे।

### वारंटियों और मोस्ट वांटेड क्रिमिनल्स की होगी धरपकड़



### जमानत शर्तों की उल्लंघन करने वालों की करें जांच

एसपी ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे अपराधी जो जमानत पर छूटकर पुनः अपराध घटित कर जमानत की शर्तों का उल्लंघन कर रहे हैं। उन प्रकरणों की सूक्ष्मता से जांच करें। उनके जमानत निरस्त कराएं। क्षेत्र के गुण्डा बदमाशों, निगरानी बदमाशों की नियमित रूप चेकिंग करें। थाना और चौकी में उपस्थित कराकर हाजिरी लें। पुलिस अधीक्षक ने चोरी की वारदात न हो, इसके लिए नियमित गश्त के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को प्रभावी ढंग से किया जाए। उन्होंने अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर नजर रखने कहा।

### पुराने वारंटियों, मोस्ट वांटेड अपराधियों पर रखें नजर

एसपी ने कहा कि जिले में सभी वारण्टियों, मोस्ट वाण्टेड अपराधियों, जेल से जमानत पर छूटे गुण्ड बदमाशों, आदतन अपराधियों पर नजर रखें। अवैध शराब, जुआं, सट्टा, गांजा एवं नशीली सामग्रियों के अवैध कारोबार में शामिल लोगों पर कड़ी निगाह रखने एवं इस पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाएं। इसके अतिरिक्त बाहरी लोगों की आवाजाही पर भी नजर रखें। बैठक में लंबित अपराध, चालान, मर्ग, शिकायत का त्वरित निराकरण, अदम दस्तयाब, गुम इंसान एवं लंबित वारण्ट की तामीली की भी समीक्षा की गई।

### कॉलोनियों में बढ़ेगी सुरक्षा, कैमरों पर रहेगी नजर

पुलिस अधीक्षक ने रहवासी कालोनियों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह पाया गया कि कॉलोनी के गेट में एक गार्ड लगाया गया है। मात्र गेट में ही सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। बाकी जगह सुरक्षा के इंतजाम नहीं है। ऐसी जगहों पर कॉलोनी के लोगों से बात कर सुरक्षा इंतजाम किए कराए जाएं। थाना और चौकी प्रभारियों को ऐसे रेसीडेंसियल एसोसिएशन की बैठक लेकर कालोनी के अंदर के मार्ग, बाउण्ड्रीवाल को कव्हर करते हुये चारों दिशाओं में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने हेतु समझाइश देने के निर्देश दिए गए।

# नशे से परेशान बड़े भाई ने छोटे को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नशा कर गाली गलौज करने वाले छोटे भाई को बड़े भाई ने गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषके झा ने बताया कि कैलाश नगर दुर्ग निवासी गजेन्द्र यादव शराब के नशे में अपने घर पहुचा था। इस दौरान अपनी भाभी और बडा भाई शैलेन्द्र यादव के साथ गाली गलौज कर रहा था। मृतक ने भाई को पहले भी घर में रखे फावडा उठाकर मारने का प्रयास किया था। उसकी मां ने फावडा छिनकर शैलेन्द्र की जान बचाई थी। गजेन्द्र शराब पीकर घर पहुचा और गाली गलौज करने लगा। इसके अलावा उसकी भाभी को गलत नियत से देख रहा था। शैलेन्द्र आक्रोशित होकर गजेन्द्र को कपडे से गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना पर पुलिस और फोरेसिंक की टीम पहुची थी। टीम ने शव को देख मौत गला दबाकर हत्या करने की जानकारी दी। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ करने पर शैलेन्द्र यादव ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### मंदिर के पुजारी को जान से मारने की धमकी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** मंदिर परिसर और मकान में गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने वाले के खिलाफ एसपी से लिखित में शिकायत की गई है। पुलिस ने दोनो भाई के खिलाफ जुर्म दर्ज कर कार्रवाई किया है। मिली जानकारी के मुताबिक हनुमान मंदिर कुरुद कोहका पुजारी श्रीराम पाण्डेय ने एसपी से शिकायत किया है। जिसमें बीते लंबे समय से दिनेश राय उर्फ टिल्ला ,रविन्द्र राय मंदिर के सामने और घर के पास गाली गलौज करते है। मंदिर परिसर में दोनों भाई शाम को शराब पीकर जान से मारने की धमकी भी दिया। पुजारी की पत्नी का साल भर पहले मौत हो चुकी है। घटना स्मृति नगर पुलिस चौकी का है।

### करंट की चपेट में आने से मौत


**भिलाई।** करंट की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि उरला निवासी दानेश्वरी साहू पानी गर्म करने के लिए राड को लगाई हुई थी। अचानक उसमें करंट आने से महिला दानेश्वरी चपेट में आ गई। हादसे में महिला की मौत हो गई। घटना के समय पति काम पर गया हुआ था।

## सूर्यकुण्ड गंगाघाट सौंदर्यीकरण को लेकर कांग्रेस और भाजपा में राजनीतिक बवाल

### सार्वजनिक माफी मांगे रिकेश सेन, अन्यथा कानूनी लड़ाई के लिए रहे तैयारः मुकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन और कांग्रेस नेताओं नेताओं में द्वंद लगातार बढ़ते जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को लेकर रिकेश सेन द्वारा दिए गए बयान को लेकर कांग्रेस नेताओं ने मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा है कि विधायक रिकेश सेन सार्वजनिक तौर पर माफी मांगे, अन्यथा कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। रिकेश एक न्यूज़ पोर्टल में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान को कथित रूप से गलत बता रहे थे। बता दें कि रिकेश ने कहा था कि भूपेश बघेल ने कहा है कि उनके पूर्वज सतना में रहते हैं और वह पूजा करने वहां जाते हैं। रिकेश सेन के इस बयान के बाद कांग्रेस में बवाल मच गया है। कांग्रेस नेताओं ने इसका फुटेज मांगा है। अन्यथा भूपेश बघेल और जनता से माफी मांगने कहा है। चंद्राकर ने कहा कि कुरुद तालाब के नामकरण मामले में वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन से मिलने गए एक ग्रामीण का जबड़ा पकड़कर धमकाया गया। कुरूद तालाब का नामकरण स्व. शारदा सिन्हा के नाम पर करने का प्रयास कर रहे थे। जबकि पहले से यह तालाब पंथी कलाकार स्वर्गीय देवदास बंजारे के नाम पर दर्ज है। चंद्राकर ने कहा कि रिकेश सेन को बताना चाहिए कि उन्होंने बैकुंठधाम तालाब के लिए जो अपनी पैतृक संपत्ति तिल्दा में 90 लाख में बेची। इसे सार्वजनिक करना चाहिए कि जमीन कब बेची, किसे बेची। बैकुंठधाम में काम करने वाले ठेकेदार को कब पेमेंट किया गया। शहर की जनता सच्चाई जानना चाहती है।



### मुकेश पहले अपने गिरेबां में झांककर देखें, फिर दूसरों पर आरोप लगाएंः राजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सूर्यकुण्ड गंगाघाट के मामले को लेकर उठे विवाद को लेकर वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन के समर्थन में पूर्व सभापति राजेंद्र अरोरा ने कहा कि मुकेश चंद्राकर पूछने वाले कौन होते हैं, वे पहले अपने गिरेबां में झांककर देखें। सूर्यकुंड का निर्माण समाज की सामूहिक शक्ति का प्रकटीकरण है। यह समरस समाज रचना को पुनः स्थापित करने का प्रयास है। चुनाव के दरमियान संकल्प और मात्र सात-आठ माह की अवधि में सूर्यकुण्ड गंगाघाट का निर्माण कर देना कोई आसान काम नहीं है। असंभव सा लग रहे कार्य को चंद महीने में संभव कर दिखाना दृढ़ इच्छा शक्ति का परिचायक है। अरोरा ने कहा कि उनके इस पुण्य कार्य का हिसाब मांगने का अधिकार किसी को नहीं है? मुकेश चंद्राकर सवाल पूछने वाला होते कौन हैं? उन्होंने स्वयं चुनाव के दौरान सूर्यकुण्ड निर्माण का वादा किया था। हमने अपने हाथों से सूर्यकुंड निर्माण करने के लिए सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में जनसमूह का आवेदन उनको सौंपा था। मुकेश चंद्राकर जैसे लोग आधारहीन और अपरिपक्व बातें कर रहे हैं। अपने स्वार्थ और लालच में आकर जिले की महान विभूति स्व. चंदूलाल चंद्राकर का नाम खराब कर रहे हैं। उनके नाम से अस्पताल निर्माण और वहां गरीबों का मुफ्त इलाज करने की आड़ में नेहरू नगर चौक की अरबों की जमीन को कौड़ी के भाव लेकर पिछले 25 साल से शहर और जिले की गरीब जनता को लूटने का काम कर रहे हैं। दलगत राजनीति से उपर उठकर इस कार्य का स्वागत किया जाना चाहिए, न कि आलोचना।



# साहित्य परिसर में खिला तीन पीढ़ियों की कविताओं का इंद्रधनुष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में साहित्य परिसर सेक्टर 10 में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डां. कोमल सिंह शार्वा ने की। इस यादगार काव्य गोष्ठी में भिलाई दुर्ग के वरिष्ठ कवियों ने मानवीय मूल्यों से वाबस्ता प्रतिनिधि रचनाओं से सामाजिक समरसता का संदेश दिया। तीन पीढ़ियों के कवियों की कविताओं में देश, समाज और जीवन की इंद्रधनुषी झलक दिखी। कवि गोष्ठी का आगाज विद्या गुप्ता की जीवन के रंग शीर्षक कविता से हुआ, जिसमें उन्होंने विविध रंगों से जीवन के फरसफे के साथ देशप्रेम का भी पैगाम दिया। रंग केसरिया, रंगों में उतर गया,कह गया सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तां हमारा। रवि श्रीवास्तव ने मानवीय संवेदना में पगी कविताओं से घर की गई मार्मिक तस्वीरें खींचीं। उन्होंने एक रचना में आदमी के बीच बढ़ रही दूरियों को बखूबी अभिव्यक्त किया- बहुत दिनों तक, जब कोई नहीं खटखटाता दरवाजा, अनसुना अनकहा रहकर, चुपचाप मर जाता है घर। इसके बाद परमेश्वर वैष्णव ने जीवन के संघर्ष और प्रतिरोध को कुछ इस तरह रुपायित किया- एक दिन मैं बुझ ही जाऊंगा, क्यों न तूफान की चुनौती स्वीकार करु, दीपक हूं प्रतिरोध के प्रकाश से क्यों न उपेक्षा के अंधकार को हरुं। शायर मुमताज ने लाभ लोभ की सियासत को अपनी गजल से बेलिबास किया- बांटने में रेवड़ियां अंधे यहां मशगूल थे, बहरों की बस्ती में कल हांका हुआ किसने सुना। अविनाश सिपाहा की रचना में खुदगर्ज राजनीति की मक्कारी को व्यक्त किया गया - आजकल के अंगूठा छाप, हमारे ही अंगूठे की छाप से, बनाना चाहते हैं, हमें अंगूठा छाप। संतोष झांजी ने तरन्नुम में गजल से सामाजिक बदलाव की पैरवी की- कुछ भी कीजिए अब तो इंकलाब चाहिए,बरसों से दबा हुआ सैलाब चाहिए। विजय वर्तमान ने अपनी रचना से समानता का संदेश दिया- शोर है चमन,चमन रंग यूं बिखेर दो, रंग रहे सिर्फ रंग, रंग राग टेर दो। इसके पश्चात उमाशंकर की रचना में वासंती बयार का एहसास हुआ। तोड़ रहा मौन अब वसंत, पंखुड़ी और अमुआ सुगंध। विमल शंकर झा विमल की गजल में तिरोहित होती राजनीतिक शुचिता और व्यवस्था का दर्द दिखा- मुल्क की कितनी गलीच सियासत हो गई है, तमीजो तहजीब की कहां विरासत खो गई है।

- छग हिंदी साहित्य सम्मेलन की कवि गोष्ठी में जुटे ट्विनसिटी के साहित्यकार






### सबसे उम्रदराज व नन्ही कवयित्री ने किया भावविभोर

वरिष्ठ साहित्यकार रवि श्रीवास्तव के निवास परिसर में आयोजित सामाजिक सरोकार की रचनाओं से सराबोर काव्य संध्या में साहित्यकर उस समय भावविभोर हो गए जब गोष्ठी में सबसे उम्रदराज और दो नन्हे कवियों ने कविताएं सुनाईं। हालिया हौसले सेगंभीर बीमारी को मात देने वाले हौसलामंद डां.निर्वाण तिवारी ने खड़े होकर पूरे ओज से काव्यपाठ कर शौर्य व कर्म पर जोर दिया- तुम कुरुक्षेत्र के श्रेष्ठ धनुर्धर विजयगान के नायक हो, कर्म के ध्वजवाहक तुम गीता के गायक हो। इसके बाद 6 वर्षीय रिद्धिमा और 12 साल के आरुष ने अपनी कविता से सभी को मंत्रमुग्ध किया। रिद्धिमा ने पारिवारिक संस्कार की खुशबू कुछ यूं बिखेरी- दादी मेरी कहे कहानी, दादा दें पौधो को पानी, दीदी भैया खेल खिलाते, मम्मी पापा सैर कराते । अध्यक्षीय उद्बोधन में डां. शार्वा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस यादगार कार्यक्रम में तीन पीढ़ियों के कवियों ने उमदा रचनाओं से सामाजिकता व एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन छग हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव और आभार प्रदर्शन साहित्यकार योगेंद्र शर्मा ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कथाकार लोकबाबू, चंद्रशेखर पिल्लई,पूनाराम साहू और प्रज्ञा श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

### दिनदहाड़े बाइक सवार को तलवार से मारने की कोशिश, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई।** दिनदहाडे कार चालक ने तलवार लेकर बाइक सवार को जान से मारने दौड़ाने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 109, 323(4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार को जब्त किया है। वैशाली नगर टीआई ममता अली शर्मा ने बताया कि वैशाली नगर निवासी राजेश कुमार दास ने शिकायत किया कि त्योहार होने से वो मंगलवार की सुबह बाइक सीजी 07 एवाई 2443 से दोस्त राजकुमार के साथ वैशाली नगर मार्केट की तरफ गन्ना और पूजा का सामान खरीदने गया हुआ था। तभी कैलाश नगर निवासी कार सीजी 07 एपी 1628 का चालक कैलाश नगर निवासी शुभम सिंह तेज रफ्तार से बाइक को ठोकर मारने की कोशिश किया। कार चालक शराब के नशे में था। उसे पीड़ित ने सही से कार चलाने की हिदायत देने पर कार चालक बाइक को ओवरटेक करते हुए आया और कार को बाइक के सामने लगाकर रोक दिया। कार के भीतर से चालक ने दिनदहाडे तलवार निकाला और युवक को मारने के लिए दौड़ा दिया। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि कार चालक ने उसे गाली गलौज कर दबंगई दिखा रहा था। जब कार चालक ने उसे मारने के लिए तलवार लेकर दौड़ाया तो पीड़ित काफी डरकर तुरंत वैशाली नगर थाने पहुंचा। बाइक को कार चालक ने तलवार से बुरी तरह मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया।



- वैशाली नगर थाना क्षेत्र की घटना

#### सीसीटीवी फुटेज से पुलिस आरोपी तक पहुंची

पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज भी जब्त कर उसे जांच किया जा रहा है। आरोपी तलवार लेकर युवक को दौड़ाता हुए फुटेज में शुभम सिंह दिखा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी कार को जब्त कर लिया है। आरोपी जिस तरह से तलवार लेकर खुलेआम मारने के लिए दौड़ाया गया है। उससे न सिर्फ वो और उनका परिवार बल्कि वहां मौजूद लोग दहशत में हैं। शुभम सिंह नशे में था।

## एचएएमएस ने प्रशासन से की समस्या के निदान की मांग

# प्रदूषण की कीमत चुका रहे ग्रामीण व किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग के रसमड़ा - बोरई औद्योगिक क्षेत्र में बढ़ रहे प्रदूषण की कीमत मजदूरों के साथ क्षेत्र के ग्रामीणों और किसानों को चुकानी पड़ रही है। उद्योगों के वायु, जल और ध्वनि प्रदूषण से लोगों के स्वास्थ्य और फसलों पर असर पड़ रहा है। इस मामले में उद्यमियों और प्रशासन उदासीन बने हुए हैं। एचएमएस ने जल्द समस्या के निदान की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि रसमड़ा - बोरई औद्योगिक क्षेत्र भिलाई के बाद दूसरा सबसे बड़ा इंडस्ट्रियल एरिया है। यहां करीबन दो सौ उद्योग हैं। फैक्ट्रियों की चिमनी से निकलने वाले प्रदूषित धुएं और जर्जर सड़कों की धूल से लोगों का सांस लेना दूभर हो गया है। वहीं खेत खलिहान की फसल के साथ साथ तालाब और नदी - नालों पर भी प्रदूषण की मार इन फैक्ट्रियों की वजह से पड़ रही है। फैक्ट्रियों की मशीनों व वाहनों के ध्वनि प्रदूषण के साथ प्रदूषित पानी से नालियां बजबजा रही हैं और तालाब व खेत भी प्रदूषित हो रहे हैं।

एचएमएस छत्तीसगढ़ राज्य के कार्यवाहक अध्यक्ष एचएस मिश्रा ने बताया कि फैक्ट्रियों के प्रदूषित धुएं से लोगों का सांस लेना मुश्किल हो गया है । औद्योगिक क्षेत्र के आस-पास के अंजोरा, खपरी, सिलोदा, रसमड़ा, पिपरछेड़ी, गनियारी, बोरई, जोरातराई व मनगटा में रहने वाले ग्रामीणों का बुरा हाल है। लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण के बाद भी प्रशासनिक अधिकारी मौन है।

### औद्योगिक क्षेत्र धूल और धुएं का असर गांवों में

रसमड़ा व बोरई औद्योगिक क्षेत्र में केमिकल फैक्ट्री, स्पंज आयरन फैक्ट्री, रोलिंग मिल, पावर प्लांट और अनेक ब्रेवरीज स्थिति है। यूनियन के मुताबिक प्रदूषण को नियंत्रित करने का कोई मापदंड उद्योगपतियों द्वारा पूरा नहीं किया जा रहा है। चिमनियों से निकलने वाले जहरीले धुएं से ग्रामीणों को त्वचा व स्वांस संबंधी बीमारी हो रही है। वहीं खेत और खलिहान के फसल पर भी असर पड़ रहा है। सड़कें जर्जर हो चुकी हैं। इसी जर्जर सड़क से फैक्ट्रियों में माल का परिवहन से धूल का गुबार उड़ता रहता है।

### सीएसआर विकास के लिए तरसे

सीएसआर मद से आसपास के गांव में किसी तरह का विकास कार्य नहीं कराया जाता। औद्योगिक इकाइयों के लिए सीएसआर मद का रसमड़ा - बोरई औद्योगिक क्षेत्र के फैक्ट्री संचालक अनदेखी कर रहे हैं। प्रदूषण सहित सीएसआर मद से विकास का दावा किया जाता है लेकिन प्रदूषण की समस्या जस की तस बनी हुई है। एचएमएस यूनियन ने प्रशासन से जल्द समस्या का निदान कर ग्रामीणों को राहत दिलाने की मांग की है।

### प्रदूषण से फसल और सेहत पर दुष्प्रभाव



“ रसमड़ा -बोरई औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगों से प्रदूषण की समस्या से ग्रामीणों में आक्रोश है। सड़कों का निर्माण उद्योगपतियों को करना चाहिए धूल न उड़े, इस पर पानी छिड़काव करने के नियम का पालन होना चाहिए। समस्या के जल्द निदान के साथ सीएसआर से परिधीय गांवों में विकास की मांग की गई है।

**एचएस मिश्रा,** प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष
हिंद मजदूर सभा

### वार्ड, समाज, निगम, प्रशासन सहित विभागों में नियुक्त सभी विधायक प्रतिनिधियों को किया पदमुक्त



**भिलाई।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने आज विभिन्न वार्ड, क्षेत्र व समाज में बनाए गए लगभग 250 से अधिक विधायक प्रतिनिधियों को पदमुक्त किया है। श्री सेन ने विधायक कार्यालय में बैठक लेकर यह घोषणा की है। उन्होंने बताया कि सभी लोग अपनी टीम के साथ सदैव अपने मोहल्ले, क्षेत्र, समाज की समस्याओं के प्रति जागरूकता के साथ पूर्व की तरह भाजपा कार्यकर्ता के रूप में सेवाएं देते हुए जनसमस्या के प्रति वैशाली नगर क्षेत्र में कार्य करते रहेंगे। इसके पीछे एक वजह यह भी रही कि जो लोग प्रतिनिधि नहीं थे वो भी विधायक प्रतिनिधि के रूप में क्षेत्र और भाजपा संगठन में खुद को प्रचारित प्रसारित करते रहे हैं।श्री सेन ने कहा कि जनसमस्याओं के प्रति जागरूक रहते हुए भाजपा कार्यकर्ता एक पारिवारिक टीम के रूप में कार्य करते रहें हैं तथा नियुक्त प्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी के सदस्य भी हैं इसलिए अब भाजपा के सिपाही के रूप में सभी जनसेवा करते रहेंगे, पूर्व में बनाए गए सभी विधायक प्रतिनिधियों के पद विलोपित कर दिए गए हैं। अब वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के कोई प्रतिनिधि फिलहाल नहीं हैं। अतः वार्ड, समाज, नगर पालिक निगम व प्रशासन सहित अलग अलग क्षेत्र में बनाए गए सभी विधायक प्रतिनिधियों का पद विलोपित करते हुए सभी विधायक प्रतिनिधि पद विलोपित कर दिए गए हैं।

# वचनामृत संजीवनी

# राजसूय महायज्ञ

## मूल मंत्र- ॐ नमो भगवते वासुदेवाय

## 1 जनवरी 2025 से 26 जनवरी 2025



**यज्ञाहुति समय**

**प्रातः 11:00 बजे से**
**दोपहर 01:00 बजे तक**



**विशेष**
**२६ जनवरी २०२५**
**उतार चढ़ाव बरा कड़ही**

**संत श्री माता जी**
संस्थापक
**तीर्थराज देवि निकुंभला**
राजलक्ष्मी मंदिर
जय शक्ति आश्रम
ग्राम – निकुम, जिला – दुर्ग (छ.ग.)

**तत्व तत्व से बनेगा तीर्थराज देवि निकुंभला धाम। एक दिन सारे जगत में होगा छत्तीसगढ़ का नाम॥**

क्रमशः